राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RIN. No. UHIN/2012/43078

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या, प्रयागराज, मिर्जापर, गोरखपुर, बरेली, बुंदेलखंड, उत्तराखंड, देहरादून

लखनऊ, मंगलवार, 03 जून 2025
वर्ष 13, अंक 55, पृष्ट 04, मूल्य: 01 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद, दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, झारखण्ड, बिहार, मध्य प्रदेश, असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

भीषण गर्मी में सीएचसी की तैयारी देख संतुष्ट नजर आई जांच सर्विलांस टीम....03

श्रीभूमि जिले में लगातार बारिश के कारण विभिन्न क्षेत्रों में आतंक व्याप्त है......04

# मौलाना आज़ाद फेलोशिप के भुगतान में देरी, अल्पसंख्यक छात्र परेशान

स्वतंत्र प्रभात

**नई दिल्ली-** मौलाना आज़ाद नेशनल फेलोशिप के भरोसे पीएचडी कर रहे शोधार्थी एक बार फिर वजीफे के भुगतान में देरी से जूझ रहे हैं. ज्यादातर शोधार्थियों का दिसंबर 2024 से अब तक (मई 2025) वजीफा नहीं आया है. कुछ शोधार्थियों को उसके पहले का भी वजीफा नहीं मिला है. अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही मौलाना आज़ाद नेशनल फेलोशिप उन शोधार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान करती है जो भारत के छह अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदायों (मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, जैन और पारसी) से आते हैं. लेकिन भुगतान में होने वाली देरी ने इस छात्रवृत्ति पर निर्भर शोधार्थियों को आर्थिक मुश्किल के साथ मानसिक कष्ट भी दे दिया है।

कुछ छात्र उधार मांगकर गुज़ारा कर रहे हैं. शोध से जुड़ी गतिविधियां ठप हो गई हैं. किताबों और फील्डवर्क के लिए पैसे नहीं बचे हैं। सरकार की चुप्पी को देखते हुए शोधार्थियों को लग रहा है कि यह फेलोशिप जानबूझकर रोकी जा रही है. कुछ शोधार्थियों ने दावा किया कि मंत्रालय के अधिकारियों ने उन्हें सुझाव दिया है कि वे यह फेलोशिप छोड़ दें और किसी दूसरी योजना में जाने के लिए आवेदन करें। इस स्थिति को देखते हुए तीन सांसदों (जिया उर रहमान-संभल, मोहम्मद जावेद-किशनगंज और टी. सुमति-चेन्नई दक्षिण) ने अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू को पत्र लिखा है और तत्काल संज्ञान लेने कहा है.

पांच साल तक मिलने वाली इस छात्रवृत्ति के पहले दो साल को जेआरएफ (जूनियर रिसर्च फेलोशिप) कहा जाता है, जिसके तहत 37000 रुपये प्रति माह मिलते हैं. आखिरी के तीन साल को एसआरएफ (सीनियर रिसर्च फेलोशिप) कहा जाता है, जिसके तहत 42000 रुपये प्रति माह मिलते हैं. दिसंबर 2023 में इस फेलोशिप से कुल 1466 शोधार्थी लाभ उठा रहे थे. इनमें से जेआरएफ पाने वालों की संख्या 907 और एसआरएफ पाने वालों की संख्या 559 थी। 2022-23 में सरकार ने इस फेलोशिप को बंद कर दिया था. 2025-26 के बजट में केंद्र सरकार ने इस फेलोशिप को आवंटित होने वाली राशि 4.9त्न कम कर दी थी यानी 45.08 करोड़ रुपये से घटाकर 42.84 करोड़ रुपये कर दिया था।

### शोधार्थियों की पीड़ा

द वायर हिंदी ने देश के अलग-अलग विश्वविद्यालयों के शोधार्थियों से बात की है. कोलकाता के प्रेसीडेंसी यूनिवर्सिटी में हिंदी विभाग के शोधार्थी कालू तमांग बताते हैं, 'मैं क़रीब छह महीने से जूझ रहा हूं. आर्थिक बोझ के कारण रिसर्च करना मुश्किल हो रहा है.' इस फेलोशिप के लिए तमांग का चयन साल 2021 में हुआ था. तमांग बौद्ध हैं. उनकी किरेन रिजिजू से मांग है कि फेलोशिप जल्द से जल्द रिलीज़ किया जाए।

दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) पीएचडी कर रहे एक शोधार्थी ने कहा, 'पीएचडी का चौथा साल चल रहा है और फेलोशिप आना बंद हो गयी है. आर्थिक कठिनाई ने मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर डाला है. रेंट का पैसा नहीं दे पा रहे हैं. दोस्तों से उधार लिया और लगातार टाल रहे कि आज देंगे-कल देंगे।' यह शोधार्थी मूल रूप से नॉर्थ ईस्ट का रहने वाला है और बौद्ध समुदाय से ताल्लुक़ रखता है। कलकत्ता विश्वविद्यालय के फिजोओलॉजी विभाग से पीएचडी कर रहीं रजिया ख़ातून ने कहा कि लगातार गुहार लगाने के बावजूद अधिकारियों की तरफ़ से कोई जवाब नहीं मिल रहा है. 'कई शोधार्थी लगातार आर्थिक मुसीबत से जूझ रहे हैं. लगातार तनाव के कारण मेरी तबीयत ख़राब हो चुकी है।'

मणिपुर विश्वविद्यालय से पीएचडी कर रही सलीमा सुल्तान को भी दिसंबर 2024 से फेलोशिप नहीं मिला है. वह कहती हैं, 'अल्पसंख्यक समुदाय के शोधार्थियों के लिए मौलाना आज़ाद नेशनल फेलोशिप ही उम्मीद है. इसी से हम अपने रिसर्च का खर्च निकाल पाते हैं. हमारा अकादमिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है. फेलोशिप छात्रों का हक है. हम सरकार से अन्य फेलोशिप की तरह ही इस फेलोशिप को भी सुचारू रूप से चलाने की माँग करते हैं।' शोधार्थियों का कहना है कि फेलोशिप आने में पहले भी देरी होती रही है. लेकिन पहले इसका कारण बताया जाता था. इस बार ऐसा नहीं किया जा रहा है. इस असमंजस की वजह से छात्रों में अधिक तनाव है। अल्पसंख्यक मंत्रालय ने लंबित फेलोशिप के जारी होने को लेकर कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है।




### शोधार्थियों के असफल प्रयास

फेलोशिप रिलीज़ करने की मांग को लेकर शोधार्थियों का एक समूह 15 मई को अल्पसंख्यक मंत्रालय गया था. जामिया के एक शोधार्थी ने बताया कि अधिकारियों ने उनसे मिलने से भी इनकार कर दिया। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के एक शोधार्थी ने आरटीआई के जरिये जानना चाहा कि छात्रवृत्ति कब जारी होगी, लेकिन मंत्रालय ने अस्पष्ट उत्तर दिया

### किसे मिलती है यह फेलोशिप?

मौलाना आज़ाद नेशनल फेलोशिप भारतीय विश्वविद्यालयों से पीएचडी करने वाले अल्पसंख्यक समुदायों के शोधार्थियों को मिलती है. इसके लिए नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट (नेट) पास करना अनिवार्य है1 यह फेलोशिप उन शोधार्थियों को मिलती है, जिनके परिवार की वार्षिक आय छह लाख रुपये से कम हो।

मौलाना आज़ाद नेशनल फेलोशिप अल्पसंख्यक मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र में आती है. अक्टूबर 2022 से इसकी नोडल एजेंसी नेशनल माइनॉरिटीज़ डेवलपमेंट एंड फाइनेंस कॉरपोरेशन (एनएमडीएफसी) है. यही लंबित भुगतान और प्रशासनिक मामले देखती है. पहले यह जिम्मेदारी यूजीसी (यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन) के पास थी. शोधार्थियों का मानना है कि यूजीसी के अधीन यह फेलोशिप अधिक सुचारू रूप से चल रही थी।

'यूजीसी के साथ अच्छी बात यह थी कि वह फेलोशिप आने में देरी होने पर उसका कारण बताती थी, जानकारी साझा करती थी. लेकिन एनएमडीएफसी हाथ खड़े कर देती है.' जामिया मिल्लिया इस्लामिया के एक शोधार्थी ने कहा।

(शिक्षा) राम सिंह से संपर्क किया. अल्पसंख्यक मंत्रालय में कार्यरत राम सिंह प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति, पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाएं, पढ़ो प्रदेश और मौलाना आज़ाद नेशनल फेलोशिप देखते हैं. उनका जवाब अभी तक नहीं आया है।

# कई लोगों की बेचैनी स्वाभाविक- आकाश आनंद को फिर से बड़ी जिम्मेदारी देने पर बोलीं मायावती

● मायावती ने भतीजे को लेकर कहा, "पार्टी को उम्मीद है कि अब आकाश बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर और मान्यवर कांशीराम के आत्म-सम्मान के कारवां को आगे बढ़ाने तथा उनके सपनों को साकार करने में कामयाबी हासिल करेंगे।"



स्वतंत्र प्रभात

बहुजन समाज पार्टी (BSP) प्रमुख मायावती ने भतीजे आकाश आनंद की वापसी और पार्टी में बड़ी जिम्मेदारी दिए जाने के फैसले का एक बार फिर बचाव किया है. उन्होंने कहा कि पार्टी हित में लोगों पर कार्रवाई करने और पश्चाताप करने पर माफी दिए जाने की परंपरा है. आकाश को नेशनल कोआर्डिनेटर बनाए जाने से बहुत लोगों को तकलीफ हो रही है. साथ ही यह उम्मीद भी जताई कि आकाश अपने मकसद में कामयाब होंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने आज सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्क पर अपने पोस्ट के जरिए उम्मीद जताई कि आकाश आनंद बाबा अंबेडकर और कांशीराम के सपनों को पूरा करने में कामयाब होंगे. उन्होंने कहा, "देश में बीएसपी बहुजन हित की बात करने वाली अकेली अंबेडकरवादी पार्टी है और पार्टी हित में लोगों पर कार्रवाई करने और उनकी ओर से पश्चाताप करने पर उन्हें वापस लेने की भी परंपरा है।"

1. देश में बीएसपी बहुजन हित की एकमात्र अम्बेडकरवादी पार्टी है तथा पार्टी हित में लोगों पर कार्रवाई करने व पश्चताप करने पर उन्हें वापस लेने की परम्परा है। इसी क्रम में श्री आकाश आनन्द के उतार-चढ़ाव व उन्हें मुख्य नेशनल कोआर्डिनेटर बनाने से बहुत से लोगों में बेचैनी स्वाभाविक।

### कांग्रेस-बीजेपी-सपा से रहें सावधान: मायावती

उन्होंने आगे कहा, "इसी क्रम में आकाश आनंद के उतार-चढ़ाव और उन्हें पार्टी का मुख्य नेशनल कोआर्डिनेटर बनाने से बहुत से लोगों में बेचैनी होना स्वाभाविक ही है।"

मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को लेकर उम्मीद जताते हुए कहा, "पार्टी को उम्मीद है कि अब आकाश आनंद बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर और मान्यवर कांशीराम के आत्म-सम्मान के कारवां को आगे बढ़ाने तथा उनके सपनों को साकार करने की जिम्मेदारी को पूरी तनम्यता और जी-जान से निभाएंगे. साथ ही पार्टी को अवसरवादी और स्वार्थी लोगों की कतई जरूरत नहीं है." अपने पोस्ट में कांग्रेस, बीजेपी और सपा जैसी पार्टियों पर निशाना साधते और आगाह करते हुए मायावती ने कहा, "कांग्रेस, बीजेपी और सपा जैसी कई पार्टियों के सहारे और उनके इशारे पर चलकर बहुजनों की एकता तथा बीएसपी को कमजोर करने वाले बरसाती मेंढकों की तरह के संगठन व दलों के नेता चाहे निजी स्वार्थ में विधायक, सांसद व मंत्री क्यों ना बन जाएं इनसे समाज का कुछ भला होने वाला नहीं. लोग सावधान रहें।"

### नए DGP की नियुक्ति पर मायावती की प्रतिक्रिया

इससे पहले मायावती ने कल रविवार को अपने पोस्ट के जरिए कहा कि नए डीजीपी के सामने उत्तर प्रदेश में कानून का राज बहाल करने की बड़ी चुनौती होगी. भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अफसर राजीव कृष्ण को यूपी का नया कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक बनाया गया है इस नई नियुक्ति पर मायावती ने कहा कि डीजीपी राजीव कृष्ण के सामने कानून का राज स्थापित करने और समाज के सभी वर्गों के लोगों को राहत प्रदान करने की 'बड़ी चुनौती' रहेगी।

मायावती ने अपने बयान में कहा कि पार्टी को अब आकाश आनंद से यह उम्मीद है कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण से बाबा साहेब और कांशीराम जी के कारवां को आगे बढ़ाएंगे। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि अब आकाश आनंद बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं मान्यवर कांशीराम जी के आत्म-सम्मान के कारवां को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी पूरी तनम्यता और जी-जान से निभाएं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी को अवसरवादी और स्वार्थी लोगों की कतई जरूरत नहीं है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से युवक के हाथ का अंगूठा हुआ बेकार पुलिस को तहरीर दी



**बरेली/**विकासखंड भदपुरा के गांव नकटी नारायनपुर मैं एक झोलाछाप डॉक्टर अपना क्लीनिक चला रहा है उसी के यहां



गांव नौवगमा भगवंतपुर के दिनेश कुमार ने अपना उपचार कराया था जिसके तहत गलत उपचार होने से दिनेश के हाथ का अंगूठा काला पड़ गया है। और वह उसका अब दूसरी जगह उपचार करवा रहा है सूत्रों के अनुसार छोला छाप डॉक्टर द्वारा ऑपरेशन करवाने के नाम पर भी रुपए दिए गए परंतु कोई सफलता न मिलने पर डॉक्टर से पैसे वापस करने की बात कही गई तो उसने चेतावनी देते हुए कहा कोई पैसा वापस नहीं मिलेगा ना ही हम तेरा कोई उपचार करवाएंगे। इस बाबत पीड़ित ने पुलिस को नाम जब तहरीर दी परंतु कोई भी ठोस कार्यवाही नहीं की जा सकी है इस घटना से संबंधित की क्यो लड़ियां के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मोहम्मद मुगीश से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया यह मामला उनके संज्ञान में नहीं है यदि लिखित शिकायत मिलती है तो जांच करवाकर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# अब्बास अंसारी की विधायकी खत्म; मऊ सदर विधानसभा सीट रिक्त घोषित

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** मऊ सदर विधानसभा सीट से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के विधायक अब्बास अंसारी की सदस्यता समाप्त कर दी गई है. रविवार को विधानसभा सचिवालय ने इस सीट को रिक्त घोषित कर दिया. यह कार्रवाई 31 मई को मऊ की विशेष एमपी-एमएलए कोर्ट की ओर से अब्बास को 2 साल की सजा सुनाए जाने के बाद की गई.यूपी विधानसभा चुनाव 2022 के दौरान हेट स्पीच मामले में आरोपी और माफिया मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी को एमपी एमलए कोर्ट ने शनिवार को दोषी करार देते हुए दो साल की सजा और 3 हजार रुपये जुर्माना लगाया है. वहीं, अब्बास के भाई मंसूर को 6 महीने की सजा और एक हजार रुपये अर्थदंड लगाया है. यह फैसला एमपी एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश डॉक्टर कृष्ण कुमार सिंह ने सुनाया है।

ऐसे में अब्बास अंसारी की विधायक पर खतरा मडराने लगा है. कोर्ट ने इस मामले में अब्बास के भाई और मंसूर अंसारी को भी दोषी करार दिया गया है. इससे पहले अपने भाई उमर अंसारी के साथ अब्बास अंसारी मऊ की सीजेएम कोर्ट में पेश हुए. पेशी के दौरान कोर्ट में सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किए गए हैं।3 मार्च 2022 को विधानसभा चुनाव के दौरान सदर विधानसभा सीट से सपा के प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे अब्बास अंसारी ने नगर क्षेत्र के पहाड़पूरा मैदान में एक जनसभा को संबोधित किया था. इस दौरान उन्होंने जनपद मऊ के प्रशासन को चुनाव के बाद रोक कर हिसाब किताब करने व सबक सिखाने की धमकी दी थी।

इसके बाद मामले को संज्ञान में लेते हुए एसआई गंगाराम बिंद के तहरीर पर शहर कोतवाली में अपराध संख्या 97/22 धारा 506 171 च भादवि के तहत एफआईआर दर्ज हुई थी. इसमें सदर विधायक अब्बास अंसारी व अन्य को आरोपी बनाया गया था।

पुलिस ने विवेचना में मामले में धारा 506 171 एफ 186 189 153 ए 120 बी भादवि में सदर विधायक अब्बास अंसारी व



उनके भाई उमर अंसारी इलेक्शन एजेंट गाजीपुर जनपद के पुरानी कचहरी यूसुफपुर मोहम्मदाबाद निवासी मंसूर अंसारी के विरुद्ध आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया था।

आज डॉक्टर कृष्ण प्रताप सिंह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एमपी एमएलए कोर्ट के अदालत में अब्बास अंसारी को शारीरिक रूप से उपस्थित होना है. जिओ मोहम्मदाबाद शीतला प्रसाद ने बताया कि कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अब्बास अंसारी को न्यायालय परिषद में पेश किया गया है. वहीं, इस दौरान कोर्ट में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया गया है।

मीडिया से बातचीत में अब्बास अंसारी के चाचा और सपा सांसद अफजाल अंसारी ने कहा कि बिना पूरी जानकारी के वो कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते हैं. मीडिया ने उन्हें बताया कि कोर्ट ने अब्बास अंसारी को दोषी करार दिया है. उन्हें गिल्टी हॉल में रखा गया है. इस पर सांसद ने सवाल पूछ लिया कि गिल्टी हॉल क्या होता है?. मीडिया कर्मियों ने उन्हें इसके बारे में बताया. इस पर सांसद ने कहा कि हो सकता है. लेकिन मैं मालूम करके ही इस पर कुछ कहूंगा।

# अवैध खनन पर एसडीएम का एक्शन, 6 ट्रैक्टर पकडे



● यमुना नदी से अवैधरूप से किया जा रहा था बालू का खनन

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** थाना क्षेत्र नौहझील के गांव पिथौरा में शनिवार की शाम करीब सात बजे थाना क्षेत्र में एसडीएम मांट ऋतु सिरोही मांट को जानकारी मिली कि यमुना नदी से अवैध बालू खनन हो रहा है। बालू खनन मंडयारी पिथौरा गांव के पास चल रहा है। एसडीएम ऋतु सिरोही ने अवैध खनन की कार्रवाई में 6 ट्रैक्टर पकड़े जिनमें तीन ट्रैक्टर में बालू भरी हुई थी। एक ट्रैक्टर मय ट्राली खाली व एक ट्रैक्टर बिना

**अवैध खनन में पकडे गये ट्रैक्टर के साथ एसडीएम ऋतु सिरोही।**

ट्रालो व एक ट्रैक्टर मय लोडर भरने वाला मौके पर पकड़ा है ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़ भाग गये।जिन्हें चौकी इंचार्ज दीपक नागर की सुपुर्दगी में दे दिया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है । एसडीएम ऋतु सिरोही ने बताया कि मिली सुचना के अनुसार मडयारी पिथौरा के पास में अवैध खनन चल रहा था। चेकिंग के दौरान हमने 6 ट्रैक्टरों को हिरासत में लिया है। ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टरों को छोड़कर भाग गए ट्रैक्टरों को बरौठ चौकी प्रभारी दीपक नागर की सुपुर्दगी में दे दिए हैं। आगे की जांच कर करवाई की जा रही है। बालू खनन के ट्रैक्टर राम प्रकाश पुत्र प्रेमपाल पिथौरा अड्डा के बताए जा रहे हैं।

# झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से मरीज की तबीयत बिगड़ी दर-दर भटक रहा मरीज नहीं हो रही मरीज की सुनवाई




● छोटा सा घाव से झोलाछाप डॉक्टर ने बनाया बड़ा घाव मरीज परेशान

स्वतंत्र प्रभात

**हलिया मिर्जापुर।** ड्रमडगज थाना क्षेत्र के दुर्जनीपुर गाव के पास स्थित बालाजी हॉस्पिटल के नाम से चला रहे डॉक्टर इंद्र बहादुर के इलाज से मरीज की हालत बिगड़ी छोटी सी बीमारी से बड़ी बीमारी का सामना करना पर रहा मरीज को मरिज वहिद खान के परिजनों ने बताया कि हफ्तों से हम लोग थाने पर प्रार्थना पत्र देकर दर दर भटक रहे हैं अभी तक नहीं हुई झोला छाप डॉक्टर के ऊपर कोई कार्रवाई ऐसे डॉक्टर के ऊपर अगर कार्रवाई नहीं हुआ तो काफी क्षेत्र के मरीज ऐसे भ्रष्ट झोलाछा डॉक्टर के होंगे शिकार झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से मरीज की तबीयत बिगडी ऊपर से मरीज को डॉक्टर के द्वारा धमकी भी दिया जा रहा है कि कहीं आगे जाओगे तो हमसे बुरा कोई होगा नहीं मरीज के परिजनो ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि छोटी सी बीमारी को लेकर के झोलाछाप डॉक्टर ने 30000 रुपए हमारा खर्च करवा दिया और मरीज भी झोलाछाप डॉक्टर के कंट्रोल के बाहर रहा ऐसे फर्जी झोलाछाप डॉक्टर के ऊपर जिला प्रशासन कठोर कार्रवाई करे जिससे और क्षेत्र की जनता सुरक्षित रह सके झोलाछाप डॉक्टर का शिकार ना हो सके।

# अज़ान कस्बे में झोलाछाप डॉक्टर सक्रिय, स्वास्थ्य विभाग बना मूकदर्शक

● झोलाछाप डॉक्टर बेखौफ बिना योग्यता के कर रहे इलाज आए दिन हो रहे मौते।

स्वतंत्र प्रभात

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** ब्लाक कुंभी गोला क्षेत्र के कस्बा अज़ान में स्वास्थ्य सेवाएं भगवान भरोसे चल रही हैं। कस्बे में झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार हो गई। इंन चिकित्सालय पर चिकित्सकीय योग्यता के बिना खुलेआम मरीजों का इलाज कर रहे हैं। अवैध चिकित्सालय पर न स्वास्थ्य विभाग द्वारा जांच की जाती है और न ही प्रशासन की सख्ती के अभाव में लोगों की जान से खिलवाड़ करना इन फर्जी डॉक्टर लोगों की जान के साथ खिलवाड़ करना आम बात हो गई।एक ताजा मामला अभी हाल में उस समय प्रकाश में आया जब 55 वर्षी ई माया देवी नाम की एक महिला मरीज को अजान कस्बे मे संचालित कुमार क्लीनिक के यहां अपनी पेंट में दर्द होने की दबाई लेने आई थी। क्लीनिक पर बैठे डॉक्टर ने महिला को कुछ दबाई खिलाई और इंजेक्शन लगा दिया था।ग़लत इलाज की बजह से महिला की हालत बिगड़ने पर गोला सीएससी लाया गया जहां चिकित्सको ने अमृत घोषित कर दिया। मालूम हो कि इससे पहले भी कई मासूम बच्चों और महिलाओं की जान इन फर्जी डॉक्टरों की लापरवाही की भेंट चढ़ चुकी है। कस्बे में पुलिस चौकी रोड पर 'जगरानी हॉस्पिटल' नाम से 24 घंटे चलने वाला एक क्लीनिक जिसमे बच्चे मरीजों को भर्ती करने की भी सुविधा है।और इस हॉस्पिटल में ऑपरेशन भी किए जाते हैं। दूसरा क्लीनिक भगत बाबा रोड अजान मे राजकीय विद्यालय के पास 'राममूर्ति क्लीनिक' नाम से फर्जी मेडिकल सेंटर चालू है। यहाँ न डॉक्टर की डिग्री है, न क्लीनिक का पंजीकरण। एक टेबल-कुर्सी और कुछ दवाओं के साथ इलाज का ढोंग किया जा रहा है। गंभीर बात यह है कि झोलाछाप डॉक्टर खुलेआम मरीजों को सड़क किनारे लिटाकर ड्रीप तक चढ़ा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह सब कुछ स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी या मिलीभगत से हो रहा है। विभाग कभी छापा नहीं मारताऐसी, और अगर कोई शिकायत होती भी है तो डॉक्टरों को पहले ही खबर मिल जाती है। सस्ते इलाज के झांसे में



**कस्बा जान में अवैध रूप से इलाज करते हुए फर्जी डॉक्टर।**

आकर गरीब और अनपढ़ लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। इलाज के नाम पर मोटी फीस वसूली जा रही है, जबकि इलाज की गुणवत्ता जानलेवा है। अवैध मेडिकल स्टोर भी इन क्लीनिकों के साथ चल रहे हैं, जहाँ से रोज़ हज़ारों की दवाइयाँ बेची जा रही हैं।

**प्रश्न यह है- क्या स्वास्थ्य विभाग इन झोलाछाप डॉक्टरों को पनाह दे रहा है?**

यदि नहीं, तो अब तक ठोस कार्रवाई क्यों नहीं हुई? ग्रामीणों की मांग है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा उक्त अवैध अस्पतालों पर तुरंत छापेमारी करते हुए बिना डिग्री व पंजीकरण वाले क्लीनिकों को तत्काल सील किया जाए एवं जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच हो और कस्बे में नियमित स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएं।यदि समय रहते कार्यवाही नहीं हुई,तो यह मौतों का सिलसिला और भी विकराल रूप ले सकता है।

# बच्चों को नशीले उत्पादन बेचने की गहरी साजिश




जो उद्योग बच्चों को मुनाफा कमाने के लिए नशीले उत्पादनों की लत लगवा रहे हैं, वे सब एक सी ही धूर्त चालें और भ्रामक कूटनीति अपनाते हैं। इन उत्पादनों में शामिल हैं- तंबाकू और निकोटीन, अल्ट्रा-प्रोसेस्ड (अति-प्रसंस्कृत) खाद्य उत्पाद, और अत्यधिक मीठे पेय पदार्थ। विश्व स्वास्थ्य संगठन और कॉर्पोरेट अकाउंटेब्लिटी के विशेषज्ञों का कहना है कि सरकारों को जनहित सर्वोपरि रखते हुए बच्चों को इन उत्पादनों से बचाना चाहिए और ऐसे उद्योग को जवाबदेह ठहराना चाहिए जो मात्र मुनाफ़ा कमाने के लिए बच्चों को ऐसी नशीली लत लगा रहा है और उनको अनेक जानलेवा बीमारियों की ओर झोंक रहा है। कृत्रिम स्वाद (फ्लेवर), अत्यधिक मीठापन, रंग-बिरंगी पैकिंग, ब्रांडिंग, ऑनलाइन, या फिर डिजिटल, विज्ञापन और प्रचार आदि के ज़रिए यह उत्पाद बच्चों की विकसित होती हुई संवेदनाओं को भ्रमित कर इन उत्पादनों के सेवन को 'सामान्य' बना देते हैं। इनके निरंतर बढ़ते उपयोग से,इन बच्चों के लिए अनेक जानलेवा बीमारियों का ख़तरा अनेक गुना बढ़ जाता है। एक ओर उन रोगों का अनुपात बढ़ रहा है जिनसे पूर्णत- बचाव मुमकिन है (और जो इन उत्पादनों के कारण होते हैं) और दूसरी ओर इन उद्योगों के मुनाफे भी आसमान छू रहे हैं।

कॉर्पोरेट एकाउंटेबिलिटी की मुख्य शोध अधिकारी अश्का नाइक का कहना है कि जो उद्योग बच्चों को अपने उत्पाद की लत लगा के मुनाफा कमा रहे हैं - जैसे कि अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य उत्पाद, अत्यधिक मीठे पेय पदार्थ, तंबाकू और निकोटीन उत्पाद बनाने वाले उद्योग। इन उद्योगों ने यह उत्पाद इस कूटनीति से निर्मित, प्रचारित और विक्रय किए हैं जिससे कि बच्चे और युवा इनकी गिरफ्त में आसानी से फँस जाएँ। ऐसे उद्योग को जवाबदेह ठहराने के लिए सरकारों की नीतियाँ जब कमजोर होती हैं तो फिर उन्हें किसका डर? हम सब को एकजुट हो कर सख्त नीतियों की माँग करनी होगी जिससे कि इन उद्योगों को जवाबदेह ठहराया जा सके और भावी पीढ़ियों को इन नशीले उत्पादनों से बचाया जा सके।

**यह महज इत्तेफाक नहीं बल्कि योजनाबद्ध तरीके से बच्चों को गुमराह करना है**

यह सिर्फ़ इत्तेफ़ाक़ नहीं है बल्कि योजनाबद्ध तरीके से धूर्तता के साथ किए गए व्यापार और प्रचार का नतीजा है कि बच्चे नशीले उत्पादनों की जकड़ में हैं। उद्योग मुनाफा कमाने के लिए किसी भी हद तक जा रहा है। वैज्ञानिक प्रमाण देखें तो तंबाकू और निकोटीन, अल्ट्रा-प्रोसेस्ड (अति-प्रसंस्कृत) खाद्य उत्पाद, और अत्यधिक मीठे पेय पदार्थ के कारण गंभीर रोग और असामयिक मृत्यु होती है परंतु उद्योग के दबाव के चलते इन सभी उत्पादनों को 'सामाजिक लाइसेंस' मिला हुआ है। यह सरकारों की असफलता ही है कि वैज्ञानिक प्रमाण को दरकिनार कर इन उद्योगों को मुनाफा कमाने की खुली छूट दे रखी है, भले ही इन उत्पादनों के कारण लोग रोग और मृत्यु का शिकार हो रहे हों।

डेनियल डोराडो टोरेस, जो कॉर्पोरेट एकाउंटेबिलिटी में तंबाकू मुक्त दुनिया अभियान के निदेशक हैं, ने कहा कि इन उद्योगों ने जानबूझ कर सरकारों पर दबाव बना कर नीतियां कमजोर कर रखी हैं जिससे कि इनको जवाबदेह न ठहराया जा सके। विश्व स्वास्थ्य संगठन का मत साफ़ है- इन नशीले उत्पादनों जिनमें तंबाकू और निकोटीन, अल्ट्रा-प्रोसेस्ड (अति-प्रसंस्कृत) खाद्य उत्पाद, अत्यधिक मीठे पेय पदार्थ आदि शामिल हैं, इनके हर प्रकार के प्रचार पर रोक लगे और यह बच्चों की पहुँच से बाहर रखे जाएँ।

हायमी आर्सिला जो कोलंबिया स्थित कॉर्पोरेट एकाउंटेबिलिटी के वरिष्ठ शोधकर्ता हैं, ने बताया कि यदि हम इन उद्योगों के व्यापार, प्रचार और प्रसार करने के तरीके का अध्ययन करें तो पाएंगे कि यह सभी एक-सी चालें इस्तेमाल करते हैं। हायमी ने बताया कि 20 सालों तक कोलंबिया में लोकप्रिय खेल फुटबॉल सॉकर को तंबाकू उद्योग प्रायोजित करता रहा। 2009 में कोलंबिया ने तंबाकू उद्योग के इस प्रायोजन पर क़ानूनी प्रतिबंध लगा दिया तब बिना विलंब अल्ट्रा-प्रोसेस्ड (अति-प्रसंस्कृत) खाद्य उत्पाद उद्योग ने पूरी प्रायोजित राशि जमा करवा दी। क्योंकि तंबाकू हो या अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य उद्योग, इनको पता है कि फुटबॉल सॉकर के खेल के साथ अपना ब्रांड जोड़ लेने से बच्चों और युवाओं तक वे सरलता से जुड़ सकेंगे और उनको अपने उत्पाद की लत लगवा सकेंगे। 2009 से फुटबॉल सॉकर को कोलंबिया में प्रायोजन करने वाले उद्योगों में अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य उद्योग, अत्यधिक मीठे उत्पाद उद्योग (सॉफ्ट ड्रिंक आदि), शराब उद्योग, आदि शामिल हैं। तंबाकू उद्योग के प्रायोजन पर 2009 से क़ानूनी प्रतिबंध है।

एल पोदर डेल कंज़्यूमीडर मैक्सिको के जेवियर झुनिगा ने कहा कि मेक्सिको में भी यही हाल है - अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य और अत्यधिक मीठे पेय पदार्थ उद्योग के व्यापार, प्रचार और प्रसार का तरीक़ा चालाकी पूर्ण और धूर्त है। बच्चों को आकर्षित करने के आशय से इन उत्पादनों की पैकिंग होती है, दुकानों में विशेष स्थानों पर उनको रखा जाता है, भावनात्मक अपील होती है जिससे कि उत्पादनों का सेवन बच्चों और युवाओं से जुड़ सके, और इन उत्पादनों के नशीले और काले सच पर पर्दा डाल सके।

**तंबाकू को जानलेवा, लत लगने वाला और मुश्किल से छूटने वाला उत्पाद जानबूझ कर बनाया गया है**

हायमी ने कहा कि तंबाकू सेवन कोई सांस्कृतिक परंपरा नहीं है। उद्योग ने जानलेवा तंबाकू और निकोटीन उत्पाद को ऐसे बनाया है कि इनके जरा से इस्तेमाल से ही लत लग जाये, नशा हो जाए और छोड़ना अत्यंत मुश्किल हो जाए।

**कानूनी रूप से बाध्य वैश्विक तंबाकू नियंत्रण संधि एफसीटीसी**

14 देशों को छोड़ दें तो पूरी दुनिया ने कानूनी रूप से बाध्य वैश्विक तंबाकू नियंत्रण संधि को पारित कर रखा है। इस संधि का आर्टिकल 5.3 इन देशों को शक्ति देता है कि वह तंबाकू उद्योग के जन स्वास्थ्य नीति में हस्तक्षेप पर अंकुश लगा सकें और आर्टिकल 19 ताक़त देता है कि तंबाकू उद्योग को तंबाकू और निकोटीन उत्पाद से हो रही जान-माल की क्षति और पर्यावरण के नुकसान के लिए आर्थिक और क़ानूनी रूप से जवाबदेह ठहराया जा सके। इस वैश्विक तंबाकू नियंत्रण संधि को औपचारिक रूप से विश्व स्वास्थ्य संगठन फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन टोबैको कंट्रोल (एफटीसी) कहते हैं। इसको लागू हुए 20 साल हो गए हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की डॉ करस्टीन स्कॉटे ने कहा कि हर 4 सेकंड में विश्व में एक व्यक्ति तंबाकू या परोक्ष धूम्रपान के कारण के कारण मृत होता है। हर साल 80 लाख से अधिक लोग तंबाकू के कारण मृत होते हैं जिनमें से 10 लाख लोग परोक्ष धूम्रपान से मृत होते हैं। डॉ कर्स्टीन ने कहा कि 13-15 साल के 3.7 करोड़ बच्चे, तंबाकू के नशे में जकड़े हुए हैं।

1 नहीं बल्कि 80 लाख कारण हर साल हैं तंबाकू उद्योग को जवाबदेह ठहराने के लिए

वरिष्ठ जन स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ तारा सिंह बाम ने कहा कि तंबाकू से होने वाले हर रोग और हर असामयिक मृत्यु से बचाव मुमकिन है। यदि सरकारें ईमानदारी से पूरी तरह से वैश्विक तंबाकू नियंत्रण संधि और विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रमाणित तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम को लागू करेंगी तो हर साल 80 लाख लोग मृत होने से बच सकते हैं। जब हमें यह पता है कि तंबाकू सेवन न करने से और परोक्ष धूम्रपान न करने से कोई भी तंबाकू जनित रोग और मृत्यु का शिकार नहीं होगा, तो तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम पूरी ईमानदारी से लागू क्यों नहीं हो रहा है?

तंबाकू उद्योग के उत्पाद के सबसे पुराने 80 लाख से अधिक ग्राहक हर साल जब मृत होते हैं, तो जाहिर है कि मुनाफा बढ़ाने के लिए तंबाकू उद्योग धूर्तता के साथ नए बच्चों और युवाओं को गुमराह कर नशेड़ी बनाता है जिससे कि धंधा चलता रहे, मुनाफा आता रहे, मुनाफा बढ़ता रहे - भले ही बच्चों के जीवन का सत्यानाश हो जाये। सवाल तो सरकारों से पूछना चाहिए कि इतने वैज्ञानिक प्रमाण होने के बाद भी जानलेवा उत्पाद क्यों सरलता से बच्चों और युवाओं तक पहुँच रहे हैं?

**उद्योग इसलिए फ्लेवर (कृत्रिम स्वाद) का उपयोग करता है क्योंकि युवा उसे पसंद करते हैं!**

अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य उत्पाद, अत्यधिक मीठे पेय पदार्थ (जैसे कि सॉफ्ट ड्रिंक्स), तंबाकू और निकोटीन उत्पाद में एक बात समान है- इनमें फ्लेवर होते हैं (कृत्रिम स्वाद)। विश्व स्वास्थ्य संगठन मुख्यालय की विशेषज्ञ डॉ करस्टीन ने कहा कि यह इसलिए है क्योंकि बच्चे और युवा सबसे अधिक इन्हीं फ्लेवर के कारण इनके जाल में फस जाते हैं। जरा कल्पना कीजिए कि ई-सिगरेट या वेपिंग तंबाकू उत्पाद कितने फ्लेवर में आता होगा? 16,000 से अधिक फ्लेवर!

जब मैसाचुसेट्स अमरीका में फ्लेवर पर प्रतिबंध लगा दिया गया तो इन तम्बाकू उत्पाद के सेवन में 80त्र गिरावट आ गई। डॉ कर्स्टीन ने कहा कि फ्लेवर से तंबाकू उत्पाद हमारे गले या श्वास तंत्र को कम कड़वा तो लगता है पर उतना ही घातक रहता है। फ़िल्टर, तंबाकू को कम जानलेवा नहीं करता बल्कि उपयोगकर्ता सरलता से लतेड़ी बन जाते हैं

विश्व स्वास्थ्य संगठन मुख्यालय की विशेषज्ञ डॉ करस्टीन ने बताया कि एक झूठ जो तंबाकू उद्योग ने फैला रखा है वह यह है कि 'फ़िल्टर' सिगरेट, बिना फ़िल्टर वाली सिगरेट के मुक़ाबले अधिक 'सुरक्षित' हैं। परंतु सत्य यह है कि दोनों, फ़िल्टर या बिना-फ़िल्टर की सिगरेट बराबर की जानलेवा और खतरनाक हैं। फ़र्क़ यह है कि फ़िल्टर सिगरेट पीने वालों को तंबाकू या निकोटीन उतनी कड़वी या कठोर नहीं लगती। फ़िल्टर से जानलेवा सिगरेट पीना सिर्फ आसान हो जाता है, पर तंबाकू के जानलेवा कुप्रभावों का खतरा बरकरार रहता है। डॉ कर्स्टीन ने बताया कि फ़िल्टर के कारण सिगरेट छोड़ना भी अत्यंत मुश्किल हो जाता है। फ़िल्टर के कारण एक अत्यंत गंभीर किस्म के फेफड़े के कैंसर में भी वृद्धि हुई है जो फेफड़े के गहरे क्षेत्र में पनपते हैं। इसीलिए विश्व स्वाथ्य संगठन का मानना है कि फ़िल्टर पर प्रतिबंध लगना चाहिए। जब तंबाकू से हर रोग या असामयिक मृत्यु से बचाव मुमकिन है तो यह सवाल तो सीधा सरकारों से होना चाहिए (जो सतत विकास का वायदा करती हैं) कि तंबाकू सेवन का पूर्ण समापन करने में अभी कितने और साल लगेंगे?

**शोभा शुक्ला- सीएनएस**

# दैनिक राशिफल






**ज्योतिष सेवा केन्द्र लखनऊ**

### मेष
आज बेरोजगारी दूर होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। जोखिम न लें। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें। सत्कार्य में रुचि बढ़ेगी। प्रियजनों का पूर्ण सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक चिंताएँ दूर होंगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

### वृष
आज अतिथियों का आवागमन रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। स्वाभिमान बना रहेगा। नई योजनाओं की शुरुआत होगी। संतान की प्रगति संभव है। भूमि व संपत्ति संबंधी कार्य होंगे। पूर्व कर्म फलीभूत होंगे। परिवार में सुखद वातावरण रहेगा। व्यापार में इच्छित लाभ होगा।

### मिथुन
आज कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्ययवृद्धि होगी। तनाव रहेगा। अपरिचितों पर विश्वास न करें। प्रयास में आलस्य व विलंब नहीं करना चाहिए। रुके हुए काम समय पर होने की संभावना है। विरोधी परास्त होंगे। यात्रा कष्टप्रद हो सकती है। धैर्य एवं संयम बना रहेगा।

### कर्क
भूमि व भवन संबंधी कार्य लाभ देंगे। रोजगार मिलेगा। शत्रु भय रहेगा। निवेश व नौकरी लाभ देंगे। व्यापार अच्छा चलेगा। कार्य के विस्तार की योजनाएँ बनेंगी। रोजगार में उन्नति एवं लाभ की संभावना है। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। लाभदायक समाचार मिलेंगे।

### सिंह
उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। शत्रु सक्रिय रहेंगे। शोक समाचार मिल सकता है। थकान महसूस होगी। व्यावसायिक चिंता रहेगी। संतान के व्यवहार से कष्ट होगा। सहयोगी मदद नहीं करेंगे। व्ययों में कटौती करने का प्रयास करें। वाहन चलाते समय सावधानी रखें।

### कन्या
आज कोर्ट-कचहरी में अनुकूलता रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। झंझटों में न पड़ें। उधार दिया धन मिलने से राहत हो सकती है। जीवनसाथी का सहयोग उलझे मामले सुलझाने में सहायक हो सकेगा। वाहन सावधानी से चलाएँ।

### तुला
चोट, चोरी व विवाद से हानि संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कुसंगति से हानि होगी। अपने काम से काम रखें। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। आवास संबंधी समस्या हल होगी। आलस्य न करें। सोचे काम समय पर नहीं हो पाएँगे।

### वृश्चिक
राजकीय बाधा दूर होकर लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। क्रोध पर नियंत्रण रखें। लाभ होगा। रुके हुए काम समय पर पूरे होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। परिवार की समस्याओं का समाधान हो सकेगा। व्यापार में नई योजनाएँ बनेंगी। व्यापार अच्छा चलेगा।

### धनु
रोमांस में समय बीतेगा। मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। व्यापार के कार्य से बाहर जाना पड़ सकता है। कार्यपद्धति में विश्वसनीयता बनाएँ रखें। धनार्जन होगा।

### मकर
दिन प्रेमभरा गुजरेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रुका हुआ धन मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें। प्रियजनों से पूरी मदद मिलेगी। धन प्राप्ति के योग हैं। स्वयं के सामर्थ्य से ही भाग्योन्नति के अवसर आएँगे। संतान के कार्यों में उन्नति के योग हैं।

### कुंभ
रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। विवाद न करें। सामाजिक एवं राजकीय ख्याति में अभिवृद्धि होगी। आर्थिक अनुकूलता रहेगी। रुका धन मिलने से धन संग्रह होगा। राज्यपक्ष से लाभ के योग हैं।

### मीन
नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। मान-सम्मान मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सावधानी रखें। कार्यक्षमता एवं कार्यकुशलता बढ़ेगी। कर्म के प्रति पूर्ण समर्पण व उत्साह रखें। व्यापार में नई योजनाओं से लाभ।

# संपादकीय

## सत्ता और नैतिकता में विरोधाभास क्यों?





महात्मा गांधी जी ने कहा था कि सिद्धांतों के बिना राजनीति पाप है। इसके अलावा प्रसिद्ध विचारक हेनरी एडम ने कहा है कि ÷मानव स्वभाव का ज्ञान ही राजनैतिक शिक्षा का आदि और अंत है÷ भारतीय राजनीति का उद्भव प्राचीन काल से हुआ है,किंतु इसकी प्रकृति में परिवर्तन तब आया जब भारत विश्व स्तर पर एक आधुनिक राज्य के रूप में स्थापित हुआ। भारतीय राजनीति में स्वतंत्रता के पूर्व नैतिकता एवं संस्कृति की एकता के दम पर स्वतंत्रता संग्राम पर विजय प्राप्त की थी। विवेकानंद, सुभाष चंद्र बोस, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री,सरदार वल्लभभाई पटेल, लाला लाजपत राय और ना जाने कितने महान व्यक्तियों ने नैतिकता और संस्कृति में एकजुट होकर ब्रितानी हुकूमत को देश से भगाया था। देश का स्वतंत्रता संग्राम जनप्रतिनिधियों को नैतिकता के पालन के लिए प्रोत्साहित करता रहा है। जब भारत में स्वतंत्र लोकतांत्रिक राजनीति का आरंभ हुआ तो नैतिकता का पतन, क्षरण आरंभ हो गया। राजनीति धीरे धीरे सिद्धांत से विमुख होती गई तथा इसकी दशा और दिशा मैं नैतिकता का क्षरण तथा पतन धीरे-धीरे प्रारंभ हो गया। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात यह माना जाता रहा है की राजनीति में अनैतिकता के पनपने के दो प्रमुख कारण माने गए धनबल और बाहुबल। राजनीति में ऐसा कहा जाता है कि जिसके पास धन होता है उसके पास बल भी होता है, और भारतीय राजनीति में और कई प्रदेशों के संदर्भ में यह बात सर्वथा उचित प्रतीत होती है। भारतीय राजनीति में धनबल और बाहुबल का नकारात्मक प्रभाव नैतिकता के पतन के रूप में सामने आया है। स्वतंत्रता के पश्चात राजनेताओं में स्वयं के लिए धन एकत्र करना एवं येन केन प्रकारेण सत्ता स्थापित करने के प्रयास के कारण नैतिकता धीरे-धीरे स्खलित होती गई है। नेताओं का बेईमानी और भ्रष्ट कार्य में लिप्त होना भी राजनीति में नैतिकता के पतन का प्रमुख कारण है,और यही कारण है कि आज अधिकतर भारतीय राजनेताओं पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए गए हैं, एवं उन पर मुकदमा भी चल रहा है। यह सर्व विदित है कि सार्वजनिक संपत्ति को अपनी स्वयं की संपत्ति बनाने की होड़ में राजनेताओं को कर्तव्य पथ से विमुख होते देखा गया है। राजनीति में राजनेताओं ने इसे संपत्ति कमाने का जरिया ही मान लिया है। सार्वजनिक संसाधनों का पूरा नियंत्रण राजनेताओं के पास होता है इसका उपयोग में अपने संसदीय, विधानसभा क्षेत्र के लिए करते हैं। इस तरह पूरे राज्य स्वदेश के संसाधनों का किसी एक क्षेत्र में निवेश करते जाते हैं, जो अनैतिकता का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। राजनीति में भाई भतीजावाद एक सामान्य बहुत चर्चित लक्षण है, कोई भी राजनेता आज यह चाहता है कि योग्यता हो ना हो कोई भी बड़ा पद उसके भाई, भतीजे ,पत्नी ,बेटे आदि को मिल जाए, इतना ही नहीं कई बार सगे संबंधियों के अपराधी होते हुए भी राजनीतिक पद अथवा चुनावी टिकट दिलाने का प्रयास करते हैं। भारतीय राजनीति में क्रोनी कैपिटलिस्म यानी उद्योगपतियों एवं राजनीतिज्ञों का आपस में गठजोड़ को क्रोनी कैपिटलिस्म माना जाता है। इसमें उद्योगपति राजनीतिक चंदा का हवाला देते हुए राजनेताओं से देश की नीतियों को अपने पक्ष में करवा लेते हैं और इस तरह जनता का शोषण शुरू हो जाता है। भारतीय राजनीति में इस तरह के आरोप लंबे समय से लगते आ रहे हैं।

राजनीति में उच्च नैतिक मूल्यों का महत्व घटने के साथ-साथ राजनीतिक मापदंड शासन को राजनीति आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में नकारात्मक रूप से प्रभावित करता जा रहा है। राजनेताओं से अपेक्षा होती है कि वह समाज के प्रति प्रतिबद्ध होकर काम करें किंतु अनैतिक राजनीति इस प्रतिबद्धता में एक बड़ी बाधा है, और इसके साथ ही राजनेता अनैतिक प्रथाओं का समावेश कर अपनी राजनीतिक रोटी सेकने मैं कतई गुरेज नहीं करते हैं। इतना ही नहीं राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप की भाषा भी निम्न स्तर तथा अनैतिक होते जा रही है, और यही कारण है कि राजनीति में अयोग्य लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। विडंबना यह है कि भारत में प्रत्येक पेशेवर व्यक्ति के लिए कार्य करने के लिए योग्यता निर्धारित की गई है, किंतु जनता पर शासन करने वाले जनप्रतिनिधियों की कोई भी योग्यता निर्धारित नहीं की गई है। संविधान में ही योग्यता निर्धारित नहीं है। लेकिन संसद द्वारा पारित जनप्रतिनिधि अधिनियम 1991 में भी इसका कोई प्रावधान नहीं किया गया। इसीलिए संविधान तथा इस अधिनियम में जनप्रतिनिधियों की शैक्षणिक योग्यता एवं एवं अपराधिक निर्योग्यता का प्रावधान किया जाना चाहिए जिससे राजनीति थोड़ी साफ सुथरी हो और नैतिकता तथा आत्मबल में वृद्धि हो। पढ़े लिखे, शिक्षित लोगों की राजनीति में आने से वहां का वातावरण थोड़ा शुद्ध होने की संभावना बनती है,और देश के विकास को भी बल मिलता है। यह बात महत्वपूर्ण है कि सामान्यता अपराधी प्रवृत्ति लोगों को विधानसभा या लोकसभा में टिकट नहीं दी जानी चाहिए, जिससे उनका राजनीति में प्रवेश प्रतिबंधित हो सके। प्रायः देखा गया है कि अनैतिकता की शुरुआत अधिक धन के संचालित होती है। इसीलिए सभी राजनीतिक दलों के प्राप्त चंदे को ऑडिट के दायरे में लाना जाकर लाया जाना चाहिए, ताकि नैतिक चंदे से राजनीति भी नैतिक हो सके। सदनों की नियमावली में परिवर्तन करते हुए सूचना के अधिकार के अंतर्गत जिसमें पार्टियों की गतिविधियां भी आर,टी,आई के दायरे में लाई जा सके। जिससे राजनीतिक पारदर्शिता को बल मिलेगा। हाल ही में भारतीय संसद की निष्पादन क्षमता में भारी कमी आई है, क्योंकि प्रत्येक राजनीतिक दल संसद का प्रयोग राजनीतिक लाभ के लिए करने लगे हैं, इसीलिए नियमावली में परिवर्तन के साथ इस पर लगाम लगाई जानी चाहिए। इससे राजनीति में नैतिकता का क्षरण ना हो।

**संजीव ठाकुर**

## एक भारत, एक कमान- सैन्य समन्वय का स्वर्णिम युग

**[ सीमा से परे सोच- एक भारत, एक कमान, एक मिशन ]**



जब कोई राष्ट्र अपनी नियति को पुनर्परिभाषित करने का संकल्प लेता है, तो उसके कदम न केवल धरती को कंपाते हैं, बल्कि इतिहास के पन्नों पर अमर छाप छोड़ते हैं। 27 मई 2025 को भारत ने ऐसा ही एक युगांतकारी कदम उठाया, जिसने उसकी सैन्य शक्ति को नया आयाम देकर विश्व मंच पर उसकी सामरिक ताकत को अजेय बनाया। 'अंतर-सेवा संगठन (कमांड, नियंत्रण और अनुशासन) अधिनियम 2023' के नियमों को लागू करने वाली अधिसूचना ने थल सेना, नौसेना और वायुसेना को एक सशक्त साझा कमान के तहत एकजुट कर एक अभूतपूर्व रणनीतिक क्रांति की नींव रखी। यह महज प्रशासनिक बदलाव नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा की दिशा में एक दूरदर्शी और साहसिक छलांग है, जो भारत को आधुनिक युद्ध की जटिल चुनौतियों का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार करता है।

भारत की सैन्य रणनीति में यह क्रांतिकारी बदलाव ऐसे निर्णायक मोड़ पर आया है, जब क्षेत्रीय और वैश्विक चुनौतियाँ अपनी चरम सीमा पर हैं। भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ता तनाव और चीन की उग्र सैन्य महत्वाकांक्षाएँ एक ऐसी रक्षा प्रणाली की माँग करती हैं, जो न केवल शक्तिशाली, बल्कि चुस्त, समन्वित और त्वरित जवाबी कार्रवाई में अजेय हो। इस अधिसूचना के माध्यम से केंद्र सरकार ने दृढ़ संदेश दिया है कि भारत अब अपनी सैन्य शक्ति को खंडित इकाइयों के रूप में नहीं, बल्कि एक एकीकृत और अजेय ताकत के रूप में स्थापित करता है। यह नवीन ढांचा थल, जल और वायु सेनाओं के बीच अभूतपूर्व तालमेल को बढ़ावा देगा, युद्धक्षेत्र में निर्णय प्रक्रिया को तीव्र करेगा और रणनीतिक जवाबी कार्रवाइयों को पहले से कहीं अधिक प्रभावशाली बनाएगा। नए नियमों का सबसे क्रांतिकारी पहलू यह है कि अब एक कमांडर-इन-चीफ या ऑफिसर-इन-कमांड को थल, जल और वायु सेनाओं के जवानों व अधिकारियों पर पूर्ण कानूनी नियंत्रण और अनुशासन का अधिकार प्राप्त होगा। यह प्रावधान न केवल कमांड संरचना को एकरूप करता है, बल्कि ऑपरेशनल दक्षता को अभूतपूर्व ऊँचाइयों तक ले जाता है। पहले, अलग-अलग सेनाओं के नियमों से उपजी जटिलताएँ अनुशासनात्मक और प्रशासनिक कार्यवाहियों में बाधा बनती थीं, जिससे समय और संसाधनों की हानि होती थी। अब, केंद्रीकृत कमान के तहत ये प्रक्रियाएँ सरल, त्वरित और प्रभावी होंगी, जिससे सैन्य अभियानों में दोहराव और देरी का अंत होगा। यह परिवर्तन सुनिश्चित करता है कि चाहे सीमा पर तनाव हो, साइबर युद्ध का खतरा हो, या कोई अन्य चुनौती, भारत की सेनाएँ एकजुट होकर तत्काल और निर्णायक प्रहार करने में सक्षम होंगी।

इस अधिनियम का दायरा विशाल और दूरगामी है, जो सेना अधिनियम 1950, नौसेना अधिनियम 1957, और वायुसेना अधिनियम 1955 के तहत आने वाले प्रत्येक सैन्यकर्मी को एकजुट करता है। इसका लक्ष्य केवल कमांड और नियंत्रण को अटल करना नहीं, बल्कि तीनों सेनाओं के बीच एक साझा कार्य संस्कृति और अनुशासित एकता का निर्माण करना भी है। यह प्रणाली अंडमान निकोबार कमांड और स्ट्रैटेजिक फोर्स कमांड जैसी मौजूदा एकीकृत संरचनाओं को और सशक्त बनाएगी, जहाँ तीनों सेनाओं के जवान पहले से ही कंधे से कंधा मिलाकर कार्यरत हैं। साथ ही, यह साइबर डिफेंस और स्पेशल फोर्स ऑपरेशंस जैसे आधुनिक युद्ध के क्षेत्रों में भारत की क्षमताओं को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगी, जिससे देश वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए और भी तैयार होगा।

2019 में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) की नियुक्ति के साथ शुरू हुई यह ऐतिहासिक यात्रा अब एक अटल कानूनी ढांचे के साथ और भी सशक्त हो चुकी है। सीडीएस की स्थापना ने थिएटर कमांड की दूरदर्शी परिकल्पना को जन्म दिया था, और यह अधिनियम उस सपने को साकार करने वाला निर्णायक कदम है। निकट भविष्य में, भारत उत्तरी सीमाओं, पश्चिमी मोर्चे, समुद्री क्षेत्रों और हवाई रक्षा जैसे विविध भौगोलिक व सामरिक क्षेत्रों के लिए अलग-अलग थिएटर कमांड स्थापित करेगा। ये कमांडर एकीकृत नेतृत्व में सैन्य अभियानों को दिशा देंगे, जिससे संसाधनों का अधिकतम उपयोग और रणनीतिक प्रभावशीलता अभूतपूर्व स्तर पर सुनिश्चित होगी।

रणनीतिक दृष्टिकोण से यह साहसिक कदम भारत को क्षेत्रीय और वैश्विक शक्ति संतुलन में एक नई, अजेय पहचान प्रदान करता है। जहाँ चीन ने अपनी सैन्य संरचना को थिएटर कमांड के आधार पर संगठित कर तीव्र और समन्वित कार्रवाई की क्षमता हासिल की है, वहीं भारत का यह कदम न केवल उसका करारा जवाब है, बल्कि एक दूरदर्शी रणनीति भी है। यह रणनीति पारंपरिक युद्ध, साइबर हमलों और अंतरिक्ष-आधारित चुनौतियों जैसे बहुआयामी खतरों का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। ऑपरेशन सिंदूर की हालिया शानदार सफलता ने साबित कर दिया है कि जब भारत की सेनाएँ एकजुट होकर कदम उठाती हैं, तो वे न केवल पड़ोसियों को स्तब्ध कर सकती हैं, बल्कि वैश्विक मंच पर अपनी ताकत का परचम लहरा सकती हैं। यह बदलाव सैनिकों के मनोबल पर भी गहरा प्रभाव डालेगा। जब जवान यह जानेंगे कि वे एक साझा लक्ष्य के लिए, एक ही कमान के तहत कार्य कर रहे हैं, तो उनकी कार्यक्षमता और समर्पण में वृद्धि होगी। यह केवल सैन्य संरचना का परिवर्तन नहीं, बल्कि एक ऐसी मानसिकता का निर्माण है, जो एकता, अनुशासन और संकल्प को प्राथमिकता देती है। यह प्रणाली न केवल युद्ध के समय प्रभावी होगी, बल्कि शांति काल में भी प्रशिक्षण, खरीद और संसाधन प्रबंधन में बेहतर समन्वय सुनिश्चित करेगी। जैसे ही भारत इस नए युग में कदम रखता है, यह महज एक प्रशासनिक बदलाव नहीं, बल्कि राष्ट्रीय आत्मविश्वास और सामरिक दूरदर्शिता का जीवंत प्रतीक है। यह वह भारत है, जो अपनी सीमाओं की रक्षा करने में न केवल सक्षम है, बल्कि वैश्विक मंच पर एक प्रभावशाली और जिम्मेदार महाशक्ति के रूप में उभर रहा है। यह अधिसूचना, यह कानून, और यह नवीन कमान संरचना भारत की उस अटल सोच को साकार करती है, जो गूँजती है–एकजुटता में ही अजेय शक्ति है। जब भविष्य की चुनौतियाँ दरवाजे पर दस्तक देंगी, तो भारत अब सिर्फ़ प्रतिक्रिया देने वाला नहीं, बल्कि एक अडिग योद्धा की तरह हर खतरे का सामना करने को तैयार होगा। यह नया भारत है–एकीकृत सैन्य शक्ति से लैस, दृढ़संकल्पित और अजेय। यह वह ऐतिहासिक क्षण है, जहाँ भारत ने न केवल अपनी सेनाओं को एकजुट किया है, बल्कि अपने राष्ट्रीय गौरव को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाकर विश्व मंच पर अपनी धमक स्थापित की है।

**प्रो. आरके जैन "अरिजीत"**

मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक रवि कुमार अवस्थी द्वारा सुशीला स्टेडी बेल एकेडमी 117-मोहल्ला विजय लक्ष्मी नगर परगना खैराबाद तहसील व जनपद -सीतापुर से प्रकाशित तथा महावीर आफसेट 28, हीवेट रोड लखनऊ से मुद्रित। सम्पादक रवि कुमार अवस्थी समाचार पत्र में छपे समस्त समाचार संवाददाताओं के अपने श्रोत एवं संकलन हैं, जिनसे सम्पादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। **नोट:**–उपरोक्त सभी पद अवैतनिक एवं स्वयंसेवी हैं तथा समाचार पत्र से सम्बंधित सारे विवादो का न्याय क्षेत्र सीतापुर होगा। R.N.I NO. UPHIN/2012/43078 मो0 नं0 -9511151254,E-Mail :- news@swatantraprabhat .com

## संक्षिप्त खबरें

### बस स्टेशन मोड़ से एसपी आवास तक मार्ग का नवीनीकरण व बाबा बढ़ैयावीर द्वार निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन



**सुलतानपुर।** आज दिनांक 01.06.2025 को नगर क्षेत्र में विकास कार्यों की श्रृंखला में आज बस स्टेशन मोड़ से पुलिस अधीक्षक आवास तक मार्ग के नवीनीकरण एवं बाबा बढ़ैयावीर द्वार के निर्माण कार्य का भूमिपूजन पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल द्वारा किया गया। पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि नगर के सुगम यातायात व्यवस्था हेतु यह कार्य प्राथमिकता में है, जिसे शीघ्र पूर्ण कराया जाएगा।

इस अवसर पर अटल सेना के मण्डल अध्यक्ष विजय त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष एस. पी. पाठक, इन्द्र नारायण तिवारी, देवेन्द्र प्रताप सिंह, सभासद रमेश सिंह ÷टिन्नू÷, सुधीर तिवारी, अफजल अंसारी, प्रवीण मिश्रा, संजय सिंह, सौरभ सिंह, डा. ए.एन. सिंह, रजनीश मिश्रा, कमल नयन पाण्डेय, जनार्दन त्रिपाठी सहित सैकड़ों मोहल्लेवासी उपस्थित रहे।

### बकरीद पर खुले में न करें कुर्बानी, अवशेष गड्ढों में करें दफन, पुलिस-प्रशासन ने दिए निर्देश



**पिहानी** कोतवाली में बकरीद त्यौहार को लेकरपीस कमेटी का आयोजन किया गया। कोतवाल विद्यासागर पाल शासनादेश का उल्लेख करते हुए प्रतिबंधित पशुओं एवं खुले में कुर्बानी, सड़क पर नमाज अदा न करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।कोतवाल विद्यासागर पाल ने शासनादेश का उल्लेख करते हुए प्रतिबंधित पशुओं एवं खुले में कुर्बानी न करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पिहानी कोतवाली परिसर में आयोजित पीस कमेटी बैठक में हिंदू मुस्लिम समुदाय के धर्म गुरुओं के अलावा क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों के साथ बकरीद त्योहार को लेकर शासनादेश के बारे में बताया। कोतवाली साफ तौर से कहा कि सड़क पर नमाज अदा नहीं की जाएगी। कहा कि कुर्बानी खुले में न करें और अवशेष गड्ढों में दफन करें। ध्यान रहे कोई भी व्यक्ति प्रतिबंध पशुओं की कुर्बानी न करें। कोतवाल ने कहा कि ध्यान रहे कुर्बानी करते समय रील न बनाएं, न ही सोशल मीडिया पर वायरल करें, यह अपराध है।अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सिंह ने नगर पालिका कर्मचारियों को साफ सफाई एवं पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए

### शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा को निकाली कलश यात्रा



**हरदोई** के संडीला के हजाराबाग कॉलोनी संडीला में नवनिर्मित शिव मंदिर में शिव परिवार की प्राणप्रतिष्ठा का कार्यक्रम कलश यात्रा व कलश पूजन के साथ 1 जून से शुरू हो गया है 4 जून को भव्य शिवजी की बारात व 5 जून को भंडारे के साथ यह कार्यक्रम संपन्न हो रहा है शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा के लिए कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान विधि विधान से पूजन संपन्न हुआ कलश यात्रा गाजे बाजे के संग निकाली गई। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के जयकारे से वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष रामगोपाल सिंह, नगर अध्यक्ष डॉ राहुल द्विवेदी, विजेंद्र सिंह, उदयवीर सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, चंदन सिंह, रामखेलावन द्विवेदी, गौरव, रमाकांत,राजू सिंह,अन्नू सिंह, निर्मल स्वरूप, हेतराम, यदुनेंद्र, समीर पांडे, कृष्णपाल सिंह, अंकित सिंह, अनूप सिंह, विनीत सिंह, दीपू मिश्रा,अजय द्विवेदी सभासद सहित सैकड़ों पुरुष व महिलाएं उपस्थित रही।

### रेलवे गंज में हुआ भव्य भंडारा

**हरदोई।** नगर के रेलवे गंज क्षेत्र स्थित आर एन ज्वैलर्स एंड बैंकर्स के सामने भंडारे का आयोजन किया गया भंडारे की शुरुआत में हनुमान जी की विधिवत पूजा और अर्चना करने के बाद भंडारा सुबह 11:00 बजे से लेकर शाम 5:00 बजे तक अनवरत रूप से चला रहा इस भंडारे में पूडी छोले बूंदी का वितरण कराया गया इस दौरान हनुमान जी के भजन और गीतों का दौर जारी रहा जेठ माह के शनिवार को इस भंडारे की जमकर चर्चा हुई लोगों ने खूब प्रसाद ग्रहण किया इस दौरान अश्वनी कुमार गुप्ता कृष्ण कुमार गुप्ता प्रकाश चंद्र गुप्ता प्रेम प्रकाश गुप्ता आनंद कुमार गुप्ता सौरभ गुप्ता तुषार गुप्ता पार्थ गुप्ता समेत दर्जनों लोग शामिल रहे।

# ग्राम हरदोईया में त्रिकोणी क्रिकेट प्रतियोगिता का सफल आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**सिधौली, सीतापुर** तहसील क्षेत्र के ग्राम हरदोईया में रविवार को एक उत्साहजनक त्रिकोणी क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें हरदोईया, गढ़िरवा और सरवा गांव की टीमों ने प्रतिभाग किया। इस आयोजन की विशेष बात यह रही कि लड़कियों ने भी सक्रिय भागीदारी की, जिससे खेल में लैंगिक समानता और सामाजिक समावेशन का सशक्त संदेश सामने आया। कार्यक्रम का उद्घाटन ग्राम प्रधान श्री बुद्ध प्रकाश ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा, ÷खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि यह अनुशासन, एकता और आत्मविश्वास का माध्यम है।÷ उन्होंने टॉस के साथ मैच की औपचारिक शुरुआत कराई, जिसमें हरदोईया की टीम ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 10 ओवरों में 66 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गढ़िरवा और सरवा की संयुक्त टीम 35 रन पर सिमट गई। शुरुआती ओवर में ही 3 विकेट गिरने से टीम दबाव में आ गई। हरदोईया की जीत में गेंदबाज़ विवेक की भूमिका बेहद निर्णायक रही। प्रतियोगिता को और रोमांचक बनाते हुए गांव के उत्साही युवक नीरज जी ने घोषणा की कि हर छक्के और विकेट पर ?50 का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इससे खिलाड़ियों में नई ऊर्जा का संचार हुआ और मुकाबला अधिक उत्साहजनक हो गया।

गढ़िरवा के 14 वर्षीय कपिल ने संकट की घड़ी में शानदार बल्लेबाज़ी कर सबका दिल जीत लिया। उन्होंने 18 वर्षीय तेज़ गेंदबाज़ का डटकर सामना किया और अंतिम ओवर तक क्रीज़ पर टिके रहे।

खेल के उपरांत विजेता और प्रतिभागी खिलाड़ियों को मेडल व पुरस्कार प्रदान किए गए। गांव की महिलाओं और बच्चों की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को पारिवारिक उत्सव का रूप दे दिया। चिप्स, समोसे और कोल्ड ड्रिंक्स की व्यवस्था ने भी प्रतिभागियों और दर्शकों को आनंदित किया।

कार्यक्रम के समापन पर ग्राम प्रधान श्री बुद्ध प्रकाश ने कहा, यह प्रतियोगिता केवल खेल नहीं, बल्कि बच्चों के आत्मविश्वास और सामाजिक एकता का उत्सव है। हमें जीत-हार से ऊपर उठकर सहयोग और सम्मान की भावना को प्राथमिकता देनी चाहिए।" उन्होंने इस आयोजन में विशेष भूमिका निभाने वाली संस्था "मिलान – Be The Change" की सराहना करते हुए कहा,"मिलान टीम गांव में प्रेरणादायक कार्य कर रही है। उनकी पहल से हम गांव में एक सुरक्षित सेशन स्थल और एसी युक्त आधुनिक लाइब्रेरी की स्थापना कर रहे हैं। मैं समस्त ग्रामवासियों से आग्रह करता हूँ कि भविष्य के आयोजनों में भी इस टीम को आमंत्रित करें।" प्रतियोगिता का संपूर्ण संचालन और मार्गदर्शन मिलान – Be The Change की ब्लॉक कोऑर्डिनेटर शैलजा शुक्ला, एवं उनके सहयोगी लवलेश कुमार, रुचि सिंह, आकिब खान और श्वेता द्वारा किया गया। अंपायरिंग का कार्य लवलेश कुमार एवं आकिब खान ने बखूबी निभाया। ग्रामवासियों ने इस आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए मांग की कि ऐसी प्रतियोगिताएं नियमित रूप से कराई जाएं, जिससे गांव के युवाओं में खेल भावना का विकास हो और वे अपनी प्रतिभा के बल पर जिले व प्रदेश का नाम रोशन करें।

# पत्रकारों ने मिश्रिख कस्बे में निकाली तिरंगा यात्रा

स्वतंत्र प्रभात



**मिश्रिख (सीतापुर)** पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुरूप भारतीय सैनिकों के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने के साथ ही आपरेशन सिंदूर व पत्रकार राघवेन्द्र वाजपेई हत्याकाण्ड संघर्ष में मिश्रित क्षेत्र के पत्रकारों द्वारा सहभागिता निभाने में अग्रणी भूमिका वाले पत्रकारों के लिये सम्मान समारोह का आयोजन आज मिश्रित तीर्थ स्थित डाक बंगला प्रांगण में सम्पन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि ऐप्जा अध्यक्ष रविंद्र मिश्रा थे। आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय पत्रकारों के साथ ही सम्भ्रान्त नागरिक, और किसान नेताओं ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार मिश्रा भी उपस्थित रहे वक्ताओं ने पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके निदान की दिशा में ऐप्जा द्वारा किए जाने वाले संघर्ष को काफी साधुवाद दिया संगठन के चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग एम सारथी ने कहा कि पत्रकारों का उत्पीड़न संगठन द्वारा किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा उन्होंने पत्रकार उत्पीड़न करने का मनसूबा रखने वाले लोगों को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि आम जन की समस्याओं के प्रति पत्रकार अपनी लेखनी के माध्यम से संघर्ष करता है उसके द्वारा उठाई जाने वाली आवाज को दबाने और कुचलने की दिशा में किसी के भी मन्सूबो को सफल होने नहीं दिया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ऐप्जा चेयरमैन रविंद्र मिश्रा ने कहा पत्रकार हमारा अंग है वह हमारे संगठन का सदस्य हो या न हो अगर उसको कोई प्रताड़ित करने के साथ ही दबाने और कुचलने का मंसूबा पालता है बात संगठन की संज्ञानता में आ जाती है तो संगठन उसके आत्मसम्मान सुरक्षा को लेकर सदन से सड़क तक संघर्ष करने में पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने कहा कि महोली तहसील के पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई जो हमारे संगठन के सदस्य भी नहीं थे उनकी हुई निर्मम हत्या के मामले में परिवार न्याय दिलाने की दिशा में संगठन ने भरपूर संघर्ष किया है।जिसके तहत प्रदेश शासन से पत्रकार की विधवा पत्नी को 10 लाख रुपए की सहायता दिलाई है साथ ही मामले की सीबीआई जांच और विधवा को शैक्षिक योग्यता के अनुरूप नौकरी दिलाने की मांग संगठन ने मुख्यमंत्री के समक्ष रखी है जिस पर गम्भीरता से विचार करने के उपरान्त मुख्य मन्त्री ने कार्यवाही करने अश्वासन दिया है।इस मौके पर ऐप्जा के मुख्य वक्ता अनुराग एम सार पूर्णेन्द्र मिश्र अभिषेक मिश्र, विमल मिश्र,शुभम शुक्ला, सुंदरम शुक्ला,पूर्व शिक्षिका शीतला देवी शुक्ला, अभिषेक अवस्थी, बाल गोविंद गुप्ता, मुकेश पाण्डेय, धीरज पाण्डेय,अनुराग मिश्रा उर्फ पवन, मोहित मिश्रा, आलोक त्रिवेदी, कौशलेंद्र त्रिपाठी,सत्य प्रकाश अवस्थी, विनीत तिवारी, श्याम प्रकाश शुक्ल, अरुण कुमार मिश्र, जगजीवन मिश्र, अतुल शुक्ला,मीनू तिवारी,गगनलता मिश्रा चन्द्र शेखर तिवारी ,शरद तिवारी,अनुराग शुक्ला,राम सहारे शुक्ला शैलेश त्रिपाठी, प्रदीप मिश्र, अपूर्व पाण्डेय शुक्ला पी0एन0शुक्ला संदीप चौरसिया, राहुल मिश्र,नीरज यादव, एस0एन0शुक्ला, उमेश मिश्र,बीरपाल सिंह,संजय बाजपेई आदि भारी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे- मंच संचालन पत्रकार आलोक वर्मा ने किया।

# आखि़रि रंग लाई रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य नवीन अग्रवाल की मेहनत

● हरदोई को जल्द मिल सकती है पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन

स्वतंत्र प्रभात



**हरदोई** वासियो का उस समय खुशी का ठिकाना नहीं रहा जब रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य नवीन अग्रवाल ने बताया की देश की पहली स्लीपर वंदे भारत को अति शीघ्र भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र दास मोदी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे जो लखनऊ से मुंबई वाया आगरा, दिल्ली (निजामुद्दीन स्टेशन) होकर चलेगी। रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य नवीन अग्रवाल ने बताया कि इस महत्वपूर्ण ट्रेन का पहला स्टापेज हरदोई रेलवे स्टेशन होगा और ये ट्रेन हरदोई की पहली वंदे भारत ट्रेन होगीं इस वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का स्टापेज होने के बाद हरदोई वासियो का दिल्ली, आगरा और मुंबई का सफर न केवल आसान होगा बल्कि भक्त प्रहलाद की नगरी के रूप में हरदोई को पहचान भी मिलेगी इस ट्रेन के चलने से हरदोई के व्यापार में भी अप्रत्याशित वृद्धि देखने को मिलेगी साथ ही आम यात्रियों को आरामदायक सफर के साथ स्वादिष्ट भोजन का भी स्वाद लेने का अवसर प्राप्त होगा।

गौरतलब है कि एक वंदे भारत ट्रेन का स्टापेज दिलवाने के लिए रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य नवीन अग्रवाल रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य बनने के बाद पहले दिन से प्रयासरत थे और इसके लिए वो दैनिक रेलवे यात्री संघ के माध्यम से रेलवे के उच्च अधिकारियों से लेकर रेलवे मंत्री अश्वनी वैष्णव से लेकर देश के गृहमंत्री अमित शाह तक गुहार लगा चुके है।

इस वंदे भारत ट्रेन में एसी फर्स्ट, सेकेंड, थर्ड क्लास के अलावा दो स्लीपर कोच भी होगे और ये ट्रेन लखनऊ, हरदोई शाहजहांपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, गाजियाबाद, दिल्ली के निजामुद्दीन स्टेशन से आगरा होते हुए मुंबई तक जाएगी और अभी इस ट्रेन के सप्ताह में चार दिन चलने की उम्मीद है वन्दे भारत के स्टापेज की घोषणा के बाद लोगो ने नवीन अग्रवाल के घर पहुंचकर उन्हें बधाई दी।

नवीन अग्रवाल ने ये भी बताया की उपरोक्त सूचना अभी केवल रेलवे अधिकारियों द्वारा वार्ता के पश्चात प्राप्त संकेतों के आधार पर है रेलवे द्वारा आधिकारिक घोषणा के बाद इस ट्रेन का संचालन शुरू होगा।

## श्री महाकालेश्वर कावड़िया संघ की बैठक हुई सम्पन्न, कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र किए गए वितरण।

स्वतंत्र प्रभात



**हरदोई** संडीला के मुरार नगर में आज दिनांक 01 जून 2025 दिन रविवार को पूर्व प्रस्तावित कार्यक्रम के निमित्त श्री महाकालेश्वर काँवड़िया संघ की बैठक मुरार नगर मे की गयी बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने की बैठक में संगठन का सदस्यता अभियान को प्रारम्भ किया गया जिसमें गुरु प्रसाद एवं चंद्र पाल सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विनय विश्वकर्मा, लव शरद शर्मा, विजय सिंह राठौर को उपाध्यक्ष, नीरज, महेश गुप्ता, सुशील राठौर को मंत्री, शिवकुमार,शिवशंकर,विकास पांडे, को सम्पर्क प्रमुख, विवेक मिश्रा (विराट) को मीडिया प्रभारी, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, परमेश्वर, राजाराम को प्रचार प्रमुख, शौर्य वर्धन सिंह को कानूनी सलाहकार एवं शैलेश गुप्ता को कार्यालय प्रभारी बनाया गया तथा सभी को राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा शपथ दिलाई गयी एवं सभी पदाधिकारियों ने मिले अपने दायित्व को लेकर अपनी सहमति दी एवं बड़े हर्ष के साथ सभी ने संगठन को विश्वास दिलाया की हम अपने दायित्व को ईमानदारी से निर्वहन करेंगे एवं तन मन धन से संगठन में कार्य करेंगे बैठक में आगामी कार्यक्रम सावन मास में 19 जुलाई 2025 को होने वाली काँवड़ यात्रा पर विस्तार से चर्चा की गयी इस अवसर पर विनय विश्वकर्मा, संजय गुप्ता, राजाराम, अजय पाण्डेय, लव शरद शर्मा, शिवशंकर यादव, चंद्रपाल, सुशील राठौर, विकास, शेलेन्द्र, विजय, विवेक मिश्रा (विराट), आदि संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# भीषण गर्मी में सीएचसी की तैयारी देख संतुष्ट नजर आई जांच सर्विलांस टीम

स्वतंत्र प्रभात



**हरदोई** शासन के निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहाबाद में जिला सर्विलांस अधिकारी डिप्टी सीएमओ डॉक्टर सुरेंद्र कुमार और जिला सर्विलास टीम से डॉक्टर सीबी सिंह, राजेश वर्मा द्वारा कोविड मॉर्कड्रिल करते हुए निरीक्षण किया गया.। निरीक्षण के दौरान शाहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर प्रवीण दीक्षित ने जांच टीम के साथ बारी-बारी से स्वास्थ्य संबंधी समस्त उपकरणों को सभी संबंधित अधिकारियों को उपकरण कार्य करते हुए दिखाए. जिन उपकरणों से मरीजों को स्वास्थ्य लाभ हो रहा था।जांच अधिकारी ने इलेक्ट्रिक मशीनों में प्रमुख रूप से ऑक्सीजन प्लांट को देखा और उससे मरीजों तक पहुंचने वाली सप्लाई को देखा जो प्रथम बेड से अंतिम बेड तक ऑक्सीजन सप्लाई अवाधगति से निरंतर ऑक्सीजन पहुंचती हुई पाई गई।इसके साथ ही ऑक्सीजन की शुद्धता को भी जांच टीम द्वारा परखा गया। जिससे संबंधित संतुष्ट नजर आए.

इसके उपरांत जांच टीम ने एनबीएसयू सेंटर का निरीक्षण करते हुए जांच की. इसके साथ ही जांच टीम इमरजेंसी में पहुंचकर मरीजों से उनका हाल-चाल पूछा। जिससे मरीजों ने बेहतर इलाज होने की बात कही। . इसके साथ ही गर्मी में गर्म हवाओं से निपटने की स्थितियों की तैयारी को देखते हुए जांच टीम ने पाया की वार्ड में ऐसी चलता मिला और प्रत्येक कमरे में कूलर और गेट पर ठंडे पानी के कूलर चलते पाए गए। जिसे देखकर जांच टीम संतुष्ट नजर आई। . इस अवसर पर डॉ. सुरेंद कुमार, डॉ. सीबी सिंह, डॉ. राजेश वर्मा, शाहाबाद सीएचसी प्रभारी डॉ. प्रवीण दीक्षित अपने समस्त सहयोगी डॉक्टर एवं स्टाफ व कर्मचारियों के साथ मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने किया नगर के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात



**हरदोई** जिलाधिकारी अनुनय झा ने आज नगर पालिका हरदोई के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी सबसे पहले शहीद उद्यान पहुँचे। यहाँ उन्होंने नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी रामेन्द्र सिंह को निर्देश दिए कि उद्यान का सौंदर्यीकरण कराया जाये। उन्होंने नगर पालिका के सभागार को भी देखा। यहाँ से वह विक्टोरिया हॉल पहुँचे। उन्होंने बिलियर्ड्स, टेनिस कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट देखा। उन्होंने कहा कि परिसर में एक पुस्तकालय की स्थापना की जाये। एक फूड कोर्ट की स्थापना करायी जाये। जूडो व कराटे सिखाने की व्यवस्था की जाये। परिसर में साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था की जाये। परिसर के खेल सुविधाओं का प्रयोग अंतर्विद्यालयी प्रतियोगिताओं के आयोजन में किया जाये। विक्टोरिया हॉल की आय बढ़ाने के गंभीरता से प्रयास किये जाएं। विक्टोरिया हॉल से वह गाँधी सभागार पहुँचे। उन्होंने अधिशाषी अधिकारी को निर्देश दिया कि परिसर में सुविधाओं का विस्तार किया जाये। हॉल का सौंदर्यीकरण कराया जाये। इसके बाद उन्होंने सोल्जर बोर्ड चौराहे को देखा। उन्होंने कहा कि चौराहे का अतिक्रमण हटाया जाये। विद्युत पोलों को व्यवस्थित कराया जाये। सोल्जर बोर्ड चौराहे के बाद वह लखनऊ चुंगी पहुँचे। उन्होंने निर्देश दिया कि चौराहे की ट्रैफिक लाइट को ठीक कराया जाये। अन्त में उन्होंने डीएम चौराहे को देखा। उन्होंने निर्देश दिया कि चौराहे के आस पास अनुपयोगी पोलों को हटाया जाये। अतिक्रमण हटाया जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी विरा प्रियंका सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सफाई अभियान चलाकर दिया स्वच्छता का संदेश

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट-** पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं पुण्यतिथि के अवसर नगर पालिका परिषद चित्रकूट धाम कर्वी व कामदगिरि स्वच्छता समिति के संयुक्त तत्वाधान में कामदगिरि परिक्रमा मार्ग में सफाई अभियान चलाया गया। साथ ही श्रद्धालुओं व आम जनमानस को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया गया।

कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने बताया कि कामदगिरि परिक्रमा मार्ग में सफाई का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करना है। सफाई के साथ ही लोगों से प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग न करने की अपील की गई। साथ ही साथ ही शासन के निर्देशानुसार परिक्रमा मार्ग के समस्त दुकानदारों से कचरे को फेंकने के लिए डस्टबिन का प्रयोग करने को कहा गया। बताया कि यदि कोई परिक्रमा मार्ग में कचरा फेंकते हुए पाया जाएगा, तो उसके विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जाएगी। बताया कि कामदगिरि परिक्रमा मार्ग में होने वाले भंडारों में थर्माकोल व प्लास्टिक के दोना, पत्तल व गिलास आदि पूर्णत प्रतिबंधित है। इसलिए पर्यावरण के अनुकूल पत्तों से बने दोना-पत्तलों का प्रयोग करें। स्वच्छ भारत मिशन के शिवा कुमार ने कहा कि घरों से निकलने वाले गीले व सूखे कचरे को नगर पालिका द्वारा संचालित गाड़ियों में अलग-अलग दें। बताया कि प्रत्येक रविवार कामतानाथ परिक्रमा मार्ग में विशेष सफाई अभियान चलाया जाता है। जिसमें कामदगिरि व परिक्रमा मार्ग को साफ-सुथरा रखने में सभी लोग सहयोग करें। सफाई अभियान में जितेंद्र केशरवानी, राजेंद्र त्रिपाठी, राजेंद्र पांडेय, कृष्णा शुक्ला, अंकुर केशरवानी, सफाई नायक जानकी कुशवाह, वन विभाग के रासुक खान, आर्यन सिंह, जिला कंप्यूटर ऑपरेटर राम कुमार, सफाई कर्मचारी आदि ने श्रमदान किया।

# अंतर्ध्वनि महिला विंग ने समर कैंप में बच्चों को दी स्वास्थ्य सुरक्षा की अहम जानकारियाँ

स्वतंत्र प्रभात



**हरदोई** श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल में चल रहे समर कैंप के चौथे दिन अंतर्ध्वनि महिला विंग द्वारा विद्यार्थियों को स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़ी अहम जानकारियाँ दी गई। बच्चों को न केवल हार्ट अटैक जैसी गंभीर बीमारियों के कारण और लक्षणों के बारे में बताया गया, बल्कि उन्हें यह भी सिखाया गया कि आपात स्थिति में प्राथमिक घरेलू उपचार कैसे किया जाए। समर कैंप में डॉक्टर आशी गुप्ता ने विशेष रूप से हार्ट अटैक, बेहोशी, नसों में ब्लॉकेज जैसी आम होती जा रही स्वास्थ्य समस्याओं पर प्रकाश डाला गया। बच्चों को बताया गया कि किस प्रकार जीवनशैली की छोटी-छोटी लापरवाहियाँ बड़ी बीमारियों का कारण बन सकती हैं। महिला विंग की सदस्यों ने उदाहरणों के माध्यम से बताया कि यदि सुबह खाली पेट घर से बाहर निकला जाए या लंबे समय तक पानी की कमी बनी रहे, तो शरीर में ब्लॉकेज जैसी समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं।

इस अवसर पर डॉक्टर आशी गुप्ता ने यह भी बताया कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए नियमित रूप से योग और प्राणायाम बेहद आवश्यक हैं। बच्चों को प्रोत्साहित किया गया कि वे सुबह समय से उठें, ताजे पानी का सेवन करें और कभी भी खाली पेट रहना टालें। विशेष रूप से यह समझाया गया कि अगर व्यक्ति अचानक बेहोश हो जाए या दिल में तेज दर्द महसूस हो, तो उसे तुरंत आरामदायक स्थिति में लिटाकर गुनगुना पानी पिलाने और नाक के पास प्याज या लौंग जैसी घरेलू वस्तुओं को सुंघाने जैसे उपाय किए जा सकते हैं।

मंडल सचिव कालिंद्री वैश्य, जिला अध्यक्ष डॉ आशी गुप्ता,जिला सचिव गौरी गौर, कार्यकरणी सदस्य संघमित्रा गुप्ता,मानसी अग्रवाल के अलावा प्रबंधक मुकेश सिंह,प्रधानाचार्या भूमिका सिंह,लक्ष्मी देवी, शिक्षिका कविता गुप्ता, अर्पिता सिंह, सोनी तिवारी, प्रज्ञा त्रिवेदी, ऐश्वर्या सिंह,विनीता त्रिवेदी, निकिता वर्मा, कोमल यादव आरती वर्मा सहित शिक्षक - शिक्षिकाएं व तीन सैकड़ा से अधिक बच्चे शामिल रहे।कार्यक्रम के अंत में अंतर्ध्वनि महिला विंग की ओर से यह अपील की गई कि बच्चे अभी से अपनी दिनचर्या और खान-पान में सुधार लाएं, ताकि वे न केवल आज बल्कि भविष्य में भी एक स्वस्थ और जागरूक नागरिक बन सकें। समर कैंप की यह अनूठी पहल बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास की दिशा में एक सराहनीय प्रयास के रूप में देखी जा रही है।

## कार्यालय ग्रा.पं. खरगपुर, वि.ख. कटेहरी अंबेडकर नगर

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत, खरगपुर ,वि.ख. कटेहरी जनपद अंबेडकरनगर में मनरेगा/ राज्य/ 14वां /15वां/ केंद्रीय वित्त के योजनाअंतर्गत लिखित कार्य के लिए सामग्री ईट,सीमेंट, बालू, ईट गिट्टी,पत्थर गिट्टी,मोरंग, रबर मोड इंटरलॉकिंग ईट,आदि हेतु आपूर्ति ईट भट्ठा मालिकों व आपूर्तिकर्ताओं से अपने लेटर पैड पर मुहर बंद निविदाएं दिनाँक 03/06/ 2025 से 07/06/2025 तक की अवधि में ग्राम पंचायत कार्यालय के कार्य अवधि में आमंत्रित की जाती है तथा दिनाँक 07/06/2025 अधोहस्ताक्षरित निविदाओं के सक्षम सायं 4 बजे खोली जाएगी। किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

आपूर्ति हेतु सामग्री निम्नवत है।

**परियोजना का नाम–**

(1) अरविंद सिंह के खेत से ओम प्रकाश यादव के खेत तक खड़ंजा निर्माण कार्य।
(2) शिव कुमार यादव के घर घर से सुरेंद्र तिवारी के घर तक खड़ंजा निर्माण कार्य।
(3) राममिलन यादव के घर से माधवपुर सरहद तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य।
(4) रघुनंदन गुप्ता के घर से रामदीन के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य।

**श्रीमती रंजना यादव**
**प्रधान**
**ग्रा.पं. खरगपुर वि.ख. कटेहरी अंबेडकर नगर**

**राम प्रताप**
**सचिव**
**ग्रा.पं. खरगपुर वि.ख. कटेहरी अंबेडकर नगर**

# संक्षिप्त खबरें

## क्यू.आर. के माध्यम से आमजन पुलिसअधीक्षक को पुलिस संबंधी दे सकेंगे फीडबैक

### पुलिस महा निरीक्षक ने किया क्यूआर कोड का लोकार्पण



**शहडोल** पुलिस ने थानों में क्यूआर कोड लगाए हैं, जिससे न सिर्फ थाने की कार्यप्रणाली पर नजर रखी जा सकेगी, बल्कि आम नागरिक भी अपने अनुभव साझा कर सकेंगे। पुलिस महा निरीक्षक अनुराग शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक श्री रामजी श्रीवास्तव द्वारा क्यूआर कोड का लोकार्पण किया गया। इससे जनता पुलिस के व्यवहार और थाने की कार्यप्रणाली के बारे में सीधे पुलिस अधीक्षक को फीडबैक दे सकती है। इस सिस्टम की सबसे खास बात यह यह है कि इस क्यूआर कोड के जरिए लोग यह भी दर्ज कर सकेंगे कि उन्हें थाना में त्वरित सुनवाई मिली या नहीं। ऐसे काम करेगा क्यूआर कोड-मोबाइल फोन से क्यूआर कोड स्कैन करने के बाद एक फीडबैक फॉर्म दिखाई देगा। इस फॉर्म में पुलिस के व्यवहार, थाने की साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय जैसी सुविधाओं और अपने मामले की प्रगति के बारे में जानकारी दे सकते हैं। फीडबैक सीधे पुलिस अधीक्षक को भेजा जाएगा। जनता के फीडबैक के आधार पर पुलिस प्रशासन पुलिस की कार्यप्रणाली में सुधार करेगा। साथ ही पुलिस के व्यवहार में व धाने की सुविधाओं में सुधार के साथ जनता को अपनी राय व्यक्त करने का मौका मिलेगा।

## प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने क्लीनिक पर छापेमारी कर किया सील

### जांच में मिला फर्जी डिग्री, बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे 3 मेडिकल स्टोर्स संचालको जबाव मांगा गया



**सिद्धार्थनगर।** स्वास्थ विभाग की टीम के साथ एसडीएम राहुल सिंह ने शनिवार को शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र के खुनुवा बाजार में क्लिनिक व मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की गई। जिसमें चार्ल्स एंड चार्ली क्लीनिक पर फर्जी डिग्री पाए जाने पर क्लीनिक को सील कर दिया। वहीं बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे श्रीवास्तव मेडिकल स्टोर्स, लिटिल एंगल क्लीनिक, लखनऊ डेंटल क्लीनिक को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। एसडीएम राहुल सिंह ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में दवाओं की तस्करी व नकली दवाओं की बिक्री के खिलाफ यह अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें चार्ल्स एंड चार्ली क्लिनिक को सील किया गया है जबकि उपरोक्त तीन मेडिकल स्टोर्स को नोटिस जारी कर जबाव मांगा गया है।

## छेडछाड के तीन आरोपी गिरफ्तार किये

**मथुरा।** थाना राया पुलिस ने छेडखानी के अभियोग में वांछित चल रहे तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। राधिका धाम कालोनी के आखिरी में खाली मैदान से तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इस मामले में पीडिता की मां ने थाना राया पर नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीडिता की मां ने आरोप लगाया है कि उसकी बेटी का टुपट्टा बुरी नीयत से खींचकर छेडखानी व बत्तमीजी की व गन्दे शब्दो का प्रयोग किया। अभियुक्त शिवा पुत्र प्रहलाद सिंह निवासी भखन्डी थाना राया, पुष्पेन्द्र उर्फ बिटटू पुत्र देवेन्द्र सिंह उर्फ कलुआ ठेकेदार निवासी धर्मावाली गली कस्वा व थाना राया व जीतू पुत्र हरिमोहन सिंह निवासी जैनिया नगला थाना राया जिला मथुरा उम्र करीब 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

पांच परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई बीएड प्रवेश परीक्षा

## प्रथम पाली में 344 व द्वितीय पाली में 350 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

**मथुरा।** बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झाँसी द्वारा आयोजित बी.एड. संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2025 आज महानगर के पांच परीक्षा केन्द्रों पर सकुशल सम्पन्न हो गई। अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार के निर्देशन में बी.एड् प्रवेश परीक्षा रविवार को 5 परीक्षा केन्द्रों सेठ बी.एन.पोद्दार इंटर कालेज कैण्ट रेलवे स्टेशन, वी.डी.पी. राजकीय इंटर कालेज जनरलगंज, महाराजा अग्रसेन गर्ल्स इंटर कालेज गांधी पार्क डोरी बाजार, चम्पा अग्रवाल इंटर कालेज भरतपुर गेट तथा डी.ए.वी.इंटर कालेज वृन्दावन गेट मसानी तिराहे पर हुई। सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक यशपाल सिंह ने बताया कि बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झाँसी द्वारा आयोजित बी.एड. संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2025 की प्रथम पाली में पंजीकृत 2483 अभ्यर्थी में से 2139 अभ्यर्थी ने परीक्षा दी। जबकि 344 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। जबकि द्वितीय पाली में 2133 परीथार्थियो ने परीक्षा दी। 350 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा को शांति पूर्वक कराने के लिए 3 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 5 स्टेटिक मजिस्ट्रेटों निरंतर निगरानी परीक्षा केन्द्रों की रखते रहे।

# श्रीभूमि जिले में लगातार बारिश के कारण विभिन्न क्षेत्रों में आतंक व्याप्त है

स्वतंत्र प्रभात





**श्रीभूमि–** श्रीभूमि जिले में लगातार बारिश के कारण शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में आतंक व्याप्त है प्रभावित जनजीवन। रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र के दुल्लभछड़ा में लगातार भारी बारिश के कारण विभिन्न गांवों की सड़कों पर जल जम गया है। दुल्लभछड़ा के पासवर्ती बड़े बाजार, मोकमछड़ा, अस्पताल रोड, आदर्श कृष्णनगर गांव, रूपा गांव, दक्षिण चनटिला सहित अन्य स्थानों की सड़कों पर जलभराव होने से प्राथमिक सड़कों के साथ संपर्क टूट गया है। ऐसी खबर है कि कुछ जगहों पर भी जल भर गया है। दुल्लभछड़ा में यातायात ठप हो गया है और जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हुआ है, बाजार भी बंद हो गए हैं और ग्राहकों और विक्रेताओं के सिर पर चिंता का साया है। अब तक निरंतर बारिश के कारण लंगाई नदी, सिंगला नदी सहित सोनबिल में जल वृद्धि के कारण अन्य जगहों पर भी जलभराव के डर से लोग परेशान हैं। इस बीच, दुल्लभछ रेलवे स्टेशन का जल निकासी नाला विभिन्न कारणों से बंद हो जाने के कारण कुछ आवासों में पानी प्रवेश कर गया है। इसलिए स्थानीय नागरिकों की ओर से विभागीय अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया गया है।

अभी हाल ही में मिली खबर के अनुसार, दरगाबंद जीपी के मॉडल कृष्णनगर गांव की सिंगलानदी के जलप्रवाह में तबाही के कारण सिंगला बांध में फटाव आ गया है, जो उक्त गांव के प्राचीन देव मंदिर के सामने स्थित है ग्रामीणों ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा और स्थानीय विधायक विजय मालाकार ध्यान आकर्षित की। जिला प्रशासन से और से किसी भी आपदा सहायता के लिए संबंधित जन समुदाय को जिला प्रशासन और अपने-अपने सर्कल कार्यालय को सूचित करने का अनुरोध किया गया है। इसमें आपातकालीन संपर्क नंबर और जिला आपदा सहायता केंद्र 03843-280000 (टोल फ्री 1077) साथ ही, सर्कल कार्यालय श्रीभूमि 9365866803 सर्कल ऑफिस बदरपुर 8486145112,पाथारकंडी सर्कल ऑफिस 7002198394, सर्कल ऑफिस नीलामबाजार 9435025988, इसके अलावा सर्कल ऑफिस रामकृष्ण नगर 7002213516 लोगों के लिए मोबाइल नंबर जारी किया गया।

## बरगवां 18 में पानी की टंकी दे रहा दुर्घटना का संदेश कभी भी हो सकता बड़ी दुर्घटना

स्वतंत्र प्रभात




**शहडोल–** जनपद पंचायत बुढार अंतर्गत ग्राम पंचायत बरगवां 18 में सरकार के द्वारा नल जल योजना हर घर नल हर घर जल का योजना चलाकर लोगों को पानी की सुविधा उपलब्ध करवानी चाही । पर जहां ठेकेदार ने इस नल जल योजना की ऐसी धज्जियां उड़ा डाली कि पानी टंकी का ऐसा बना की इसकी हालत काफी खराब हैं। जिसमें ठेकेदार की लीपा पोती काम नहीं आई जैसे ही पानी की टंकी बन कर चली ही थी कि टंकी अब ढहने की कगार पर आ चुका हैं। जिसमें ग्रामीणों का काफी आक्रोश देखने को मिल रहा हैं।

**कुछ ही दिनों का मेहमान है पानी टंकी–** टंकी पानी का नहीं घटिया सृमेंट और मिट्टी रेत से बना टंकी अब केवल देखने दरार ही देखने को मिल रहा हैं। जिसमें चारों तरफ से लीकेज है। इतना ज्यादा गुणवत्ता विहीन है कि वह कुछ कहने के लायक ही नहीं है। सीढियां में चारों तरफ से ददरारें आ गई हैं। एक भी दिन इसमें तराई भी हुई और ना एस्टीमेट के हिसाब मसाला से बनाया गया है। रेलिंग तो ऐसी है पूरी टूटकर ध्वस्त हो गई है। इतनी घटिया किस्म का रेलिंग का पाइप लगाया है कि हाथसे मुड़ जा रहा है। पानी कि सप्लाई सभी जगह नहीं हुआ है। सीढियां चढ़ने में डर लगता है। डैशबोर्ड का पता ही नहीं की जिसका ब्यवरा उसमें लिखा हो।

**ग्रामीणों का कहना हैं कि–** समस्त ग्रामवासी जनप्रतिनिधियो से सरपंच जनपद पंचायत विधायक सांसद एवं शासन के समस्त उच्च पदाधिकारी से विनम्र निवेदन करते हैं कि इसकी उच्च स्तरीय जांच करवा कर पानी टंकी की पुनः रिपेयरिंग कर पंचायत के सभी मोहल्ले में पानी की सप्लाई किया जाए एवं ठेकेदार के ऊपर उच्च जाँच कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई किया जाए।

## कार से 348.375 लीटर शराब बरामद

**मथुरा।** थाना रिफाइनरी पुलिस एवं आबकारी टीम की संयुक्त कार्यवाही में दो अन्तर्राज्यीय शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से कुल 348.375 लीटर अवैध शराब एवं शराब तस्करी में प्रयुक्ता एक कार बरामद की गई है। रविवार की रात करीब 12 बजे थाना रिफाइनरी पुलिस टीम एवं आबकारी टीम द्वारा संयुक्त रूप से चैकिंग के दौरान बरारी चौकी मोड, एनएच 19 से अभियुक्त गोबिन्द पुत्र मेरसिहं निवासी ग्राम गढी हकीकत थाना मोहाना जिला सोनीपत हरियाणा व सचिन पुत्र चांदराम निवासी रतनगढ थाना मोहाना जिला सोनीपत हरियाणा को कुल 348.375 लीटर अन्तर्राज्यीय अवैध शराब एवं शराब तस्करी में प्रयुक्त एक कार के साथ गिरफ्तार किया। कार्यवाही करने वाली टीम में आवकारी निरीक्षक निहान्त यादव, थानाध्यक्ष अजय वर्मा थाना रिफाइनरी, एसआई अखिलेश कुमार रिफाइनरी, एसआई जगदीश सिंह रिफाइनरी, अमित वघेल आबकारी आदि थे।

## भाजपा नेता ऋषिपाल ने अंबेडकर नगर के नवनियुक्त प्रभारी बलवीर सिंह का किया स्वागत

स्वतंत्र प्रभात



**नई दिल्ली।** अंबेडकर नगर के वरिष्ठ भाजपा नेता ऋषिपाल ने अंबेडकर नगर विधानसभा के नवनियुक्त प्रभारी बलबीर सिंह (बल्ली) का शॉल डालकर तथा मुंह मीठा करा कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बलवीर सिंह भाजपा के समर्पित नेता हैं जो वर्तमान में दक्षिण दिल्ली जिला भाजपा के महामंत्री के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह कर रहे हैं।ऋषिपाल ने कहा कि बलबीर सिंह अनुभवी,मिलनसार एवं कर्मठ नेता है। अंबेडकर नगर विधानसभा के प्रभारी के तौर पर वह पार्टी को और मजबूत करने का काम करेंगे। ऋषिपाल ने कहा कि बलवीर सिंह को अंबेडकर नगर विधानसभा प्रभारी बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। उन्होंने कहा की नवनियुक्त प्रभारी अन्य कार्यकर्ताओं के साथ मधुर संबंध बनाकर पार्टी के जनाधार विस्तार के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं।ऋषिपाल ने कहा की यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली की भाजपा सरकार ने 100 दिनों के अंदर ही कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। दिल्ली को विश्व स्तर का शहर बनाने में दिल्ली भाजपा सरकार कारगर साबित होगी।आप सरकार के दौरान दिल्ली की बर्बाद छवि को फिर से स्थापित करने में रेखा सरकार ठोस रणनीति के तहत काम कर रही है।

# ऑपरेशन मिलाप, 2.5 साल की लापता बच्ची को पुलिस थाना तिगड़ी ने परिवार से मिलाया

स्वतंत्र प्रभात




**नई दिल्ली।**31 मई को लगभग 11.30 बजे पुलिस थाना तिगड़ी को 2.5 साल की नाबालिग बच्ची के अपहरण की सूचना मिली।तत्काल पुलिस स्टाफ मौके पर पहुंचा,जहां कॉल करने वाले व्यक्ति,जी ब्लॉक, संगम विहार,दिल्ली ने बताया कि वह अपनी पत्नी और 2.5 साल की बेटी के साथ मंदिर गया था। जब वे मंदिर के अंदर थे और उसकी बेटी मंदिर के बाहर अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी,तो वह अचानक गायब हो गई। रिश्तेदारों के घरों सहित व्यापक रूप से खोज करने के बावजूद,परिवार उसे खोजने में असमर्थ था। इसलिए, एक गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई और जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए, एसीपी/संगम विहार की समग्र देखरेख में एसएचओ/तिगड़ी के नेतृत्व में एसआई सौरभ, एसआई राहुल,एएसआई हरबीर की एक टीम का गठन किया गया, जो लापता लड़की की गहन खोज के लिए थी।

जांच के दौरान,टीम के सदस्यों ने बच्चे का विवरण ज़िपनेट पर अपलोड किया और आस-पास के पुलिस स्टेशनों को भी सूचित किया। कर्मचारियों ने आस-पास के सीसीटीवी फुटेज की बारीकी से जांच की,जहां बच्ची को आखिरी बार देखा गया था और आस-पास के इलाकों यानी कबीर मंदिर और जी ब्लॉक इलाके में घर-घर जाकर पूछताछ की और आसपास के स्थानीय दुकानदारों और अन्य विक्रेताओं को बच्ची की तस्वीर भी दिखाई,जिससे व्यापक जागरूकता आई। स्थानीय स्रोतों की मदद ली गई और मानवीय खुफिया जानकारी जुटाई गई। बच्ची के बारे में बुनियादी जानकारी हासिल करने के लिए लापता बच्ची के परिवार के सदस्यों से भी पूछताछ की गई। बच्ची की तस्वीर आरडब्ल्यूए/एमडब्ल्यूए के व्हाट्सएप ग्रुपों में भी प्रसारित की गई और सुराग जुटाने के लिए बाजारों और अन्य जगहों पर लोगों को दिखाई गई। टीम ने मामले के सभी उपलब्ध पहलुओं पर काम किया। टीम के प्रयासों से बच्ची को संगम विहार के एल ब्लॉक के शमशान घाट के पास देखा गया। बच्ची का पता लगाया गया और उसे उसके माता-पिता को सौंप दिया गया।

# नदी में नहाने गए किशोर की डूबने से मौत

● त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के असनहरा माफी गांव की घटना

स्वतंत्र प्रभात



**सिद्धार्थनगर।** जिले के त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के असनहरा माफी गांव के पास से होकर जाने वाली राप्ती नदी में शनिवार को नहाने गए किशोर की डूबने से मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस व नायब तहसीलदार डुमरियागंज ने शव का पंचनामा कर शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया,जिसका देर रात अंतिम संस्कार कर दिया गया।

त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के असनहरा माफी गांव निवासी राजेंद्र का लड़का महेंद्र कुमार (16) शनिवार को दोपहर करीब तीन बजे गांव के दक्षिण राप्ती नदी में अपने दोस्त के साथ नहाने गया था। नहाने के दौरान महेंद्र कुमार का पैर फिसला और वह नदी के गहरे पानी में चला गया और वह डूबने लगा। महेंद्र को डूबता देख उसके दोस्तों ने बचाने का प्रयास किया तब तक वह नदी के गहरे पानी में पूरी तरह डूब गया था। दोस्तों ने गांव में आकर लोगों को बताया तत्काल नदी के पास पंहुचे, गांव के तैराकों ने नदी में उतर कर काफी खोजबीन कर लगभग दो घंटे से अधिक मेहनत के बाद महेंद्र को नदी से बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंचे नायब तहसीलदार डुमरियागंज बिद्रेश गुप्ता व त्रिलोकपुर पुलिस ने शव को पंचनामा कर अंतिम संस्कार के लिए सौंपा दिया, जिसका अंतिम संस्कार परिजनों ने शनिवार को देर रात कर दिया।नायब तहसीलदार डुमरियागंज बिद्रेश गुप्ता ने बताया कि अहैतुक सहायता के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक त्रिलोकपुर मृत्युंजय पाठक ने बताया कि परिजन शव का पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते थे, इस लिए नायब तहसीलदार के मौजूदगी में पंचनामा कर शव को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया।

# अहिल्याबाई होलकर के जीवन दर्शन से प्रेरणा व त्याग से सीख लेनी चाहिए-जगदंबिका पाल

स्वतंत्र प्रभात




**सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ में रविवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से महिला सम्मेलन एवं विधान सभा पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सांसद जगदम्बिका पाल व जिला संयोजक समीर त्रिपाठी ने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। सांसद जगदंबिका पाल ने कहा की अहिल्याबाई होलकर के जीवन दर्शन से प्रेरणा व त्याग से हम सभी को सीख लेनी चाहिए। कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़कर राष्ट्र के विकास में योगदान दे रही हैं। सांसद ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था को व्यापक मजबूती हासिल हुई है। पिछले एक दशक पहले देश की कमजोर अर्थव्यवस्था वाले देश को देश के प्रधानमंत्री ने इंग्लैंड जैसे देश को पिछाड़ते हुए देश को आगे ले जाने का काम किया है। जिला संयोजक समीर त्रिपाठी ने कहा कि सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत महिलाओं को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। हर कार्य क्षेत्र में उनका अच्छा प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। अहिल्या बाई होल्कर ने राष्ट्र के निर्माण में अपना पूरा जीवन न्यौछावर कर दिया था।

इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष साधना चौधरी, रवि अग्रवाल, शिव शक्ति शर्मा, विनीत कमलापुरी, पवन मिश्रा, अमित यादव, लाल जी त्रिपाठी, सूर्य प्रकाश पांडेय, पंकज चौबे, दीपक मौर्य, राजेंद्र पांडेय, कृष्ण पाल चौधरी, माधुरी मिश्रा, प्रमिला मिश्रा, रमेश मणि त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।

# लोक माता अहिल्याबाई के जयकारों से गूंजी श्रीजी की नगरी

● शोभायात्रा में बघेल समाज के युवाओं ने अपनी कला का किया प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** मालवा की महारानी लोक माता अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती के शुभ अवसर पर श्रीजी की नगरी में बड़ी ही धूमधाम के साथ निकली गई। शनिवार की शाम को बघेल समाज के द्वारा कस्बे में मालवा की महारानी लोकमाता अहिल्या बाई की स्वरूपा श्वेत घोड़ी पर हाथों में ढाल तलवार लिए मातेश्वरी की झांकी बहुत ही आकृषित लग रही थी। झांकी के पीछे पीछे रथ चल रहे थे। बघेल समाज के लोग अपनी कलाओं का बहुत ही सुंदर तरीके से प्रदर्शन कर रहे थे। लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के जयकारों से श्रीजी की नगरी गुंजायमान हो उठी। लोकमाता की स्वरूप की समाज की महिलाओं ने नगर में जगह जगह आरती व माला दुपट्टा,चुनरी आदि पहनाकर स्वागत कर रही थी। शोभायात्रा का जगह जगह लोग शरबत आदि पिलाकर हर्ष के साथ स्वागत कर रहे थे। शोभायात्रा में बरसाना के साथ बघेल समाज आसपास के गांवों के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। शोभायात्रा पीली कोठी से शुरू होकर नए बसस्टैंड होते हुए मुख्य बाजार के रास्ते रंगीली गली चौक, लड़ैती चौक,सुदामा चौक से होते हुए राधारानी सेल्फी पॉइंट्स से म्हारो बरसाना द्वार से निकलती हुई यथा स्थान पर पहुंची। शोभायात्रा से पूर्व मुख्य अतिथि चेयरमैन प्रतिनिधि एवं पूर्व जेल विजिटर लक्ष्मण प्रसाद शर्मा व भाजपा नेता पूर्व मंडल अध्यक्ष रणवीर ठाकुर ने समाज के संभ्रांत लोगों के साथ लोकमाता अहिल्या बाई के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर आरती की।



अहिल्याबाई होलकर के जयंती कार्यक्रम में मौजूद लोग।

इस अवसर पर समाज के राधेश्याम बघेल,अमीचंद बघेल,भगवत बघेल, डॉ राजेन्द्र हंस, देवीराम प्रधान, पवन हंस, हरीश हंस, एसबीआई मित्र मोहनश्याम हंस,महेश बघेल, गगन हंस, बबलू बघेल, कार्तिक बघेल, पूरन बघेल, राम बघेल,लछमन बघेल, महेन्द्र टेलर्स, बच्चू बघेल,उदय हंस, बाली बघेल आदि मौजूद रहे।

# मथुरा में श्रद्धालुओं ऐसा विश्वासघात, दर्ज करनी पडी एफआईआर

● होटल मालिक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, एक किशोर भी अभिरक्षा लिया

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** ग्राहक भगवान होते हैं, यह कहा जाता है। धर्म नगरी में जिस विश्वास और आस्था के साथ लोग आते उसे एक होटल के संचालक ने गहरी ठेस पहुंचाई है। कृत्य का वीडियो सोशल मीडिया पर वायल हुआ तो लोग हक्का बक्का रह गये। वीडियो को साक्ष मानकर पुलिस ने थाना बरसाना पर अपनी ओर से बीएनएस की धारा 1223 बी व 271 के तहत अभियोग पंजीकृत कर होटल संचालक को गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा खाद्य सुरक्षा विभाग को भी सूचित किया है, विभाग अपनी ओर से कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित करेगा। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि एक किशोर होटल के टॉयलेट में बर्तन साफ कर रहा है। मामला बरसाना गोवर्धन रोड पर बीके बृजवासी फैमिली रेस्टोरेंट का है। शनिवार दोपहर में करीब 1.45 बजे होटल संचालक भूरा खान को गिरफ्तार कर लिया गया। बर्तन धोने वाले नाबालिग ने बताया कि वह यहां अपनी मर्जी से काम कर रहा है। इस मामले में बाल श्रम विभाग को भी जानकारी दे दी गई है। एसपी देहात सुरेश चंद रावत के अनुसार, वीडियो में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि किशोर अस्वच्छ स्थान पर बर्तन साफ कर रहा है। संभवतः इन्हीं बर्तनों में ग्राहकों को भोजन परोसा जाता था। नाबालिग होने के कारण होटल संचालक के भांजे को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया जाएगा। एफआईआर दर्ज कराने वाले थाना बरसाना पर तैनात एसआई अवधेश कुमार पुरोहित ने बताया कि 31 मई को सोशल मीडिया पर टॉयलेट में बर्तन धोने का वीडियो सामने आया। होटल में टॉयलेट के अंदर एक किशोर बर्तनों को गंदे दूषित पानी से धो रहा था। इस पर आसपास के लोगों ने आक्रोश जताया। सूचना पर मैं कॉन्स्टेबल महेंद्र कुमार गोवर्धन रोड पर बीके बृजवासी फैमिली रेस्टोरेंट पर पहुंचा। पूछताछ की तो पता चला कि होटल का संचालन भूरा खान कर रहा है। जो कि मथुरा के इलियास खिड़की के मोहल्ला शेरगढ़ का निवासी है। यात्रियों को खाना खिलाने के बाद जूठे बर्तनों को होटल संचालक भूरा खान टॉयलेट में साफ करवाता है। इससे लोगों में संक्रमण फैलने का खतरा रहता है।

# वेटरनरी विवि में वन अर्थ, वन हेल्थ थीम पर हुई योग मैराथन

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान (दुवासू), मथुरा द्वारा आज ष्वन अर्थ, वन हेल्थष् थीम अंतर्गत योग मैराथन तथा विरासत से विकास में योग की भूमिका पर चर्चा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रो. देश दीपक सिंह ने बताया कि जिसका उद्देश्य समग्र कल्याण और स्थिरता को बढ़ावा देना तथा शिक्षकों एवं छात्रों के विकास में योग की भूमिका के बारे में जागरूक करना था।

विरासत से विकास में योग की भूमिका विषय पर योग गुरु दिनेश चतुर्वेदी द्वारा योग की महत्ता एवं उसके लाभ के बारे में विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अरूण कुमार मदान द्वारा की गई। कार्यक्रम का आयोजन अधिष्ठाता पशु चिकित्सा और पशुपालन तथा जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में अधिष्ठाता स्नातकोत्तर, अधिष्ठाता डेरी विज्ञान महाविद्यालय, अधिष्ठाता मत्स्यिकी महाविद्यालय, प्रभारी छात्र कल्याण द्वारा अहम योगदान दिया। योग मैराथन तथा विकास में योग की भूमिका, शिक्षकों तथा छात्रों के दैनिक जीवन में योग के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक प्रेरक के रूप में कार्य करेगा।




वेटरनरी विश्व विद्यालय में योग मैराथन में भाग लेने वाले शिक्षक व छात्र छात्राएं।

# कॉरिडोर: गोस्वामियों से तीसरी बार वार्ता करने पहुंचे अधिकारी

● विरोध को हवा देने वालों पर भी है प्रशासन की नजर

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** ठा. बांके बिहारी मंदिर में प्रस्तावित कॉरिडोर और न्यास ट्रस्ट पर गोस्वामियों का जहां विरोध लगातार जारी है। वहीं प्रशासन भी वार्ता से ही बात बनाने का प्रयास कर रहा है। दूसरी ओर प्रशासन की नजर उन तत्वों पर भी है जो विरोध को अनावश्यक तूल देने की कोशिश कर रहे हैं। प्रशासन मंदिर पर चल रही गतिविधियों पर पैनी नजर जमाये हुए हैं। इसी क्रम में रविवार को एक बार फिर प्रशासनिक अधिकारी गोस्वामी समाज के साथ बैठक करने पहुंचे। कॉरिडोर एवं एक्ट के विरोध में उतरे गोस्वामी समाज का कहना था कि कोई भी बाहरी व्यक्ति मंदिर में प्रवेश नहीं कर सकता। गोस्वामी समाज मंदिर की व्यवस्था में सरकारी हस्तक्षेप नहीं चाहता है। गोस्वामी परिवार बांके बिहारी से विमुख नहीं होगा आदिकाल से अनंतकाल तक बिहारी जी के साथ रहेंगे। मंदिर सेवायत रजत गोस्वामी का कहना था कि लगातार यह तीसरी मीटिंग प्रशासन के साथ हुई है। वही गोस्वामियों के द्वारा एक्ट भी पढ़कर अधिकारियों को सुनाया गया। इसके साथ ही कहा कि जिस तरीके का एक्ट सरकार की तरफ से आया है उस एक्ट के संदर्भ में गोस्वामी समाज से किसी भी तरह की कोई सलाह नहीं ली गई है। गोस्वामी समाज के जो संवैधानिक अधिकार है वो इस एक्ट के अंदर खत्म कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि उनके पूर्वजों के समय से ही सेवा पूजा करते हुए आए है, उनको सेवा पूजा का अधिकार प्राप्त है।

सरकार उनके इन अधिकारों को समाप्त कर रही है। जिला अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि प्रशासन लगातार गोस्वामी समाज से चर्चा कर रहा है। इनकी जो मुख्य मांग है उन पर विचार किया जाएगा। आपसी चर्चा और सामंजस्य से समाधान निकाला जाएगा। वार्ता में डीएम चन्द्रप्रकाश सिंह, एसएसपी श्लोक कुमार, एमवीडीए वीसी एसवी सिंह आदि अन्य अधिकारियों के साथ साथ गोस्वामी समाज के जुगल किशोर गोस्वामी, मिंटू गोस्वामी, बिट्टू गोस्वामी, शशांक गोस्वामी आदि गोस्वामी गण मौजूद रहे।



ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में गोस्वामियों से वार्ता करते अधिकारी।